बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 160, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 14
मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 13














बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# भगवा रथ... भगवा पोशाक, बरेली में निकले मोदी

## शंख और डमरू की गूंज से हुई शुरुआत, जय श्रीराम के नारों के साथ समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शुरू से आखिर तक बरसते रहे फूल, नजदीक आने के लिए कई बार बेकाबू हुए लोग
- मुख्यमंत्री के साथ रथ पर सवार प्रधानमंत्री लगातार करते रहे भीड़ का अभिवादन

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथ नगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवामय माहौल में शंख और डमरू की ध्वनि के बीच राजेंद्रनगर के स्वयंवर बरातघर से शुरू हुए रोड शो पर शुरू से आखिर तक फूल बरसते रहे। हाथ में पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 45 मिनट में शहीद पंकज अरोरा चौक पहुंचे। इस बीच कई बार लोग नजदीक आने की कोशिश में बेकाबू हो गए।

रोड शो शाम करीब 6:55 बजे शुरू हुआ। सजे-धजे रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद संतोष गंगवार और छत्रपाल गंगवार के साथ आगे बढ़े तो जन समुदाय में तेज हलचल के साथ उद्घोष शुरू हो गए। हर कोई प्रधानमंत्री को नजदीक से देखने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते रहे। समापन स्थल पहुंचने तक रोड शो में करीब 12 जगह पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। रोड शो को भव्य बनाने के लिए रूट पर पड़ने वाले सभी घरों और दुकानों के बाहर जय श्रीराम लिखवाया गया था। इसके अलावा भगवा झंडे और नाथ नगरी के पोस्टर भी लगाए गए थे। रोड शो के दौरान उत्साहित भीड़ लगातार जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाती रही। रथ के आगे और पीछे कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया था।

### संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोट देने का अनुरोध किया।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक प्रदेश में 54.83 प्रतिशत पड़े वोट

# उप्र में सबसे कम मतदान

56.62% अलीगढ़ 55.93% बागपत 58.70% मेरठ 55.79% बुलंदशहर 49.65% गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी/अमृत विचार नेटवर्क

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 56.42 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।



बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### मथुरा में सबसे कम 49.29 प्रतिशत हुई वोटिंग

**लखनऊ**। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54 .85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64 .02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49 .29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58 .70 प्रतिशत, बागपत में 55 .93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49 .65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53 .21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55 .79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56 .62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

# वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है : सुप्रीम कोर्ट

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं।

### चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

# दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

**लखनऊ**। बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था।

# साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की होगी तैयारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है।

# कार में आग से दो माह के बच्चे और मां की जलकर मौत, पिता घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज





**अमृत विचार** : ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा दर्शन करने के लिए बैगन आर कार से जा रहे थे। शुक्रवार को उन्हें मथुरा में दर्शन करने थे। कार शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई। कार की गति तेज थी। पत्थर से टकराते ही कार खंभे से जा टकराई। इसके बाद कार में आग लग गई। आशीष अपनी पत्नी और बच्चे को निकाल पाता तब तक कार धू धू कर जल उठी। बेटा और पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई और आशीष गंभीर घायल हो गया। ट्रक चालकों ने उसे बाहर निकाला। सीओ सिटी अजीत चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# छह वर्षीय भांजे की ब्लेड से गला रेतकर हत्या, ईट से सिर भी कुचला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- लोगों ने हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा, दुर्गा धाम कॉलोनी में हुई घटना



**अमृत विचार**ः कोतवाली क्षेत्र की दुर्गा धाम कॉलोनी में रिश्ते के मामा ने छह वर्षीय भांजे की ब्लेड से गला रेत कर हत्या कर दी और फिर ईंट से सिर कुचल दिया। चीखपुकार सुनकर लोगों ने हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हत्यारोपी नाबालिग बताया जा रहा है, वह इस्लामनगर (बदायूं) के एक स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ता है।

मूलरूप से बनारस निवासी राजबल्लभ की पत्नी राजवती ने बताया कि उनके तीन पुत्रियां सविता, रविता व अमृता हैं। सविता की बेटी वर्षा की शादी नौ वर्ष पहले जनपद बदायूं के थाना बिल्सी के गांव गढ़ी रिसौली के राहुल से हुई थी। दो वर्ष बाद तलाक हो गया। इस बीच वर्षा ने पुत्र कुंज को जन्म दिया। कुछ समय बाद वर्षा के माता-पिता का निधन हो गया। परनाना राजबल्लभ ने वर्षा को गोद ले लिया। तभी से वर्षा चन्दौसी के दुर्गा धाम कॉलोनी में रहती है। वहीं वर्षा की मौसी रविता की शादी इस्लानगर में बलवीर से हुई है। शुक्रवार सुबह इस्लामनगर का किशोर वर्षा के मौसेरा भाई कुंज को लेकर घर से बाहर आ गया और एक निर्माणाधीन मकान के सेफ्टी टैंक में बालक को फेंक दिया। इसके बाद टैंक में उतरकर ब्लेड से उसका गला रेत दिया।

# मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

**मुजफ्फरनगर**। एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु**। कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई की ओर से यह कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भाजपा उम्मीदवार के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त की है। निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# केजरीवाल ने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है।

अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की सत्ता के समायोजन में रुचि है। दिल्ली सरकार के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस मामले में केजरीवाल से मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके बाद अदालत ने यह तल्ख टिप्पणी की। केजरीवाल, 2021 की आबकारी नीति के संबंध में कथित धन शोधन के मामले में हिरासत में हैं। अदालत ने कहा कि अब तक हमने विनम्रतापूर्वक इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है लेकिन मौजूदा मामले ने उजागर कर दिया कि यह गलत है।

अदालत इस मामले में सोमवार को आदेश पारित करेगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा, मुझे यह कहते हुए बेहद दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा। यह स्पष्ट है और हम मानते हैं कि आपने अपने राजनीतिक हित को सबसे ऊपर रखा है। यह गलत है और यही बात इस मामले में उजागर हुई है। अदालत ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा कि उनका मुवक्किल 'केवल सत्ता के इस्तेमाल में रुचि रखता है। पीठ ने कहा, हमें नहीं पता कि आप कितनी शक्ति चाहते हैं। समस्या यह है कि आप शक्तियां हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, यही वजह है कि आपको शक्ति नहीं मिल रही है। अदालत ने कहा कि अगर वह (केजरीवाल) चाहते हैं कि प्रशासन पंगु हो जाए तो यह मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत विचार है। पीठ ने कहा कि नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सभी को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि यह एक व्यक्ति के प्रभुत्व का मामला नहीं हो सकता है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि वह मुख्यमंत्री की ओर से पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि निगम की स्थायी समिति की अनुपस्थिति के मद्देनजर अगर एमसीडी आयुक्त वित्तीय मंजूरी के लिए औपचारिक अनुरोध करते हैं तो किताबों की आपूर्ति का मुद्दा हल हो जाएगा।

### हाईकोर्ट ने आप सरकार को लगाई लताड़




> बच्चों को किताबें नहीं मिलने के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि सत्ता का इस्तेमाल करने में उनकी रुचि है।

### दिल्ली सरकार के पास 3 हजार फाइलें लंबित

**नई दिल्ली**। भाजपा की दिल्ली इकाई ने दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित तीन हजार से अधिक फाइल विभिन्न मंत्रियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री के पास कई वर्षों से लंबित हैं। आप सरकार की ओर से इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, केजरीवाल सरकार प्रशासन और शासन के लिए नहीं बल्कि प्रचार और भ्रष्टाचार के लिए है। इसके अलावा महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी 420 फाइल ऐसी हैं जो मुख्यमंत्री के स्तर पर लंबित हैं।

# शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी राजेश का नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राजेश कश्यप



ज्योत्सना गौंड

- अब हरदोई की ज्योत्सना गौंड होंगी सपा प्रत्याशी

**अमृत विचार**ः सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं। सपा आलाकमान के आदेश पर ही ज्योत्सना का नामांकन कराया था।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

> समाजवादी पार्टी ने ज्योत्सना गौंड के पक्ष में पत्र जारी कर दिया था कि वह सपा की अधिकृत प्रत्याशी हैं। जिसके बाद राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया। - **प्रवेंद्र कुमार**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट

## एक नजर

### राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में 5 बच्चों ने पाई सफलता

**बीसलपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सिमरा अकबरगंज के पांच बच्चों ने उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा 2023–24 में सफलता पाई। प्रधानाध्यापक रामऔतार गंगवार ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र देवांश पटेल, शिवम, अंशिका गंगवार, लकी गंगवार, निहाल सिंह ने सफलता हासिल की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**बीसलपुर।** बरेली जनपद के थाना क्योलडिया निवासी दयाराम का पुत्र अरविंद शुक्रवार को रिश्तेदारी में ग्राम कैचुआ आया था। वह बाइक पर अपने रिश्तेदार धर्मपाल के साथ मानपुर चौराहा घरेलू सामान खरीदने जा रहा था। इस दौरान कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। सीएचसी ले जाने पर प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मंदिर में पूजा करने गए ग्रामीण से मारपीट

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी कृपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार को गांव के मंदिर में पूजा करने गए थे। इस दौरान वहां पर एक ग्रामीण अपने दो पुत्रों साथ बैठा था। पीड़ित को देखते ही आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर मारपीट की गई। उसने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

### विवाहिता को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**घुंघचिहाई।** थाना क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर उसकी पत्नी बिना बताए घर में रखे जेवर और नकदी लेकर चली गई। गांव के ही एक युवक पर पत्नी को ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुनगढ़ी मोहल्ले की नालियां चोक, गलियों में बह रहा गंदा पानी

## मंदिरों के बाहर जलभराव होने से पूजा करने नहीं जा पा रहे लोग, बीमारियां फैलने का खतरा, लोगों में आक्रोश

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत साफ सफाई कराने के साथ नियमित फॉगिंग कराने का दावा किया जा रहा है। डीएम ने नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की है। मगर हकीकत इससे कहीं अलग है। ग्रामीण इलाके तो छोड़िए शहर में जलभराव की वजह से फैली गंदगी और कीचड़ से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि धार्मिक स्थलों के आसपास नालियां चोक होने से गलियों में गंदा पानी बह रहा है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इन इलाकों के लोग अपनी पीड़ा बयां करते-करते थक चुके हैं, लेकिन कोई उनकी सुनने वाला नहीं है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। लोकसभा चुनाव के चलते नेता जन सभाओं में विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। मगर शहर के वार्ड नंबर 16 मोहल्ला सुनगढ़ी के लोगों की समस्या सुनने और समझने वाला कोई नहीं है। यहां करीब 500 मीटर के दायरे में कई गलियों में पिछले एक माह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

इसइलाके में तीन मंदिर, एक स्कूल और घनी आबादी है। नालियां चोक पड़ी हैं। गलियों में घरों और मंदिर के आगे कीचड़ के बीच गंदा पानी भरा हुआ है। लोगों का घरों से निकलना दूभर हो चुका है। सफाई करने के लिए कर्मचारी नहीं पहुंचते हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी लेकर कर्मचारी पहुंचते भी हैं तो गली के बाहर खड़े हो जाते हैं। इससे गंदे पानी में होकर लोग खुद गाड़ी तक कूड़ा फेंकने को जाते हैं। यहां करीब दो हजार की आबादी इस बदइंतजामी का दंश झेलने को मजबूर है।



शिव मंदिर वाली गली में जलभराव होने से चबूतरे पर होकर गुजरती महिलाएं।



सुगनढ़ी मोहल्ला में मंदिर के सामने सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार



हनुमान मंदिर के पीछे नाली में जमा गंदगी। ● अमृत विचार

- संचारी रोग अभियान को लेकर किए जा रहे दावे हवा हवाई
- सफाई करने नहीं पहुंचते नगर पालिका कर्मचारी

### गंदगी में पनप रहे मच्छर, कागजों में हो रहा दवा का छिड़काव

गलियों में फैली गंदगी के चलते मच्छरों की भरमार है। मगर कोई सफाई करने वाला नहीं पहुंचता। स्थानीय लोगों की मानें तो घरों से कामकाज के लिए निकलना मुश्किल है। लाइट भी ठीक से नहीं जलती है। ऐसे में रात के वक्त तो गलियों से गुजरना और मुश्किल हो जाता है। घरों के अंदर तक गंदे पानी की दुर्गंध आती है।



मंदिर में लगे वाटर कूलर से ठंडा पानी लेकर गंदगी से होकर गुजरती बच्ची।



दरवाजे पर जलभराव होने से बाहर निकलने का रास्ता देखती महिला।

### खंभे में उतरा करंट तो लपेट दी पन्नी


आसपास के लोगों का कहना है कि संकरी गलियों में बिजली के खंभे लगे हैं। जलभराव होने से कुछ दिन पहले एक पोल में करंट उतर आया था। एक जानवर करंट की चपेट में आ गया। जिसे मोहल्ले के लोगों ने जैसे-तैसे बचाया। डर के वजह से बच्चों को घर से कम निकलने देते हैं। इसकी शिकायत करने पर केवल खंभे पर पॉलिथीन लगवा दी गई। हर कोई जिम्मेदारी से बचता दिख रहा है।

### जलभराव होने से मंदिर में जाना-आना मुश्किल

मोहल्ले वालों का कहना है कि यहां तीन मंदिर हैं, जिनमें पूजा पाठ के लिए लोग जाते आते हैं। मगर इस बार नवरात्र में गंदगी के चलते मंदिर तक पहुंचने में लोगों को तमाम दिक्कतें हुईं। जलभराव की वजह से लोग पूजा करने मंदिर नहीं जा पाते हैं।



करीब एक माह से साफ सफाई का हाल और बदतर हो चुका है। शिव मंदिर के पास की गली में ही गंदा पानी भरा है। सभासद से कहा तो उसने कह दिया चेयरमैन को बता दीजिए। चेयरमैन का नंबर लगाया तो बात नहीं हो सकी। इसका सुधार होना चाहिए। **– भानु जायसवाल**



कोई सुनने वाला है ही नहीं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी लेकर कर्मचारी आते हैं तो वो भी जलभराव देख गली के बाहर खड़े हो जाते हैं। लोगों को कूड़ा देने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। साफ सफाई करने तो कोई आता ही नहीं है। कई बार कहा, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। **– सौरभ कुमार**



पीबीटी 110 : वीरवती

कुछ दिन पहले मेरे बेटे की शादी थी। मगर घर के बाहर गंदगी और जलभराव होने से बढ़ी दिक्कत हुई। बरात भी दूसरे रास्ते से निकलवानी पड़ी। बीमारियों का डर बना रहता है। बच्चों को लेकर हर समय चिंता बनी रहती है। पता नहीं कब सुधार होगा। **– वीरवती**



गली में सफाई करने के लिए कर्मचारी बहुत कम आते हैं। नालियां चोक पड़ी है। उसका सुधार करने की कोई सुधि नहीं ले रहा है। एक माह से दिक्कत झेल रहे हैं। बच्चों के स्कूल जाने में दिक्कत होती है। अभी से ये हाल है तो बारिश के दिनों में और नर्क झेलना पड़ेगा। **– प्रेमवती जायसवाल**



मेरी मकान के बाहरी हिस्से में किराना की दुकान है। दुकान के बराबर में मंदिर है। बाहर ही गंदगी जमा हो रखी है। 10-15 दिन से तो दुर्गंध के चलते दुकान पर बैठना मुश्किल हो चुका है। बच्चे गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। इसका उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ेगा। फिर भी कोई समाधान होता नहीं दिखता। **– निखिल**

“आठ दिन पहले नाला निर्माण को लेकर खुदाई होने पर पानी निकास बंद किया गया था। मगर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। ईओ को तीन बार कॉल कर चुके हैं। चेयरमैन से भी शिकायत की गई है। वार्ड वासियों की दिक्कत का समाधान कराने को प्रयास कर रहे हैं।

**– शैलेंद्र कौर,** सभासद वार्ड नंबर 16

“सभासद से इस संबंध में शिकायत मिली है। जेई को मौके पर भेजकर जानकारी कराई जाएगी। ये भी पता लगाया जाएगा कि आखिर अभी तक निर्माण कार्य शुरू क्यों नहीं हो सका है। इसे गंभीरता से दिखवाएंगे।

**– लाल चंद भारती,** ईओ नगर पालिका पीलीभीत

# माध्यमिक शिक्षकों ने कई मांगों को लेकर पत्र सौंपा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला मंत्री सतीश चंद्र गंगवार ने डीआईओएस कार्यालय में शुक्रवार को एक मांग पत्र दिया।

इसमें जीएफ संबंधी लेखा पर्ची, राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत अभिदाता एवं सरकारी अंश पर ब्याज, जहानाबाद इंटर कॉलेज जहानाबाद के 31 जुलाई 2023 को सेवानिवृत्त हुए परिचारक रामचंद्र के जीएफ अवशेष को प्रकरण अग्रसारित करने, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज पीलीभीत के सेवानिवृत्त ओम प्रकाश वर्मा का जीपीएफ प्रकरण सेवानिवृत्ति की तिथि 29 फरवरी 2024 तक ब्याज आगणन के साथ अग्रसारित करने, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा के पांच शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाने संबंधी मांग की है। ये भी बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत कटौती होने से खातों में राशि दर्शायी जाने तक अभिदाता और सरकारी अंश पर ब्याज का प्रावधान है। 2016 से कटौती हो रही है जबकि राशि खातों में 2023 में प्रदर्शित होना शुरू हुई। ऐसे में ब्याज की अच्छी राशि शिक्षकों को मिलनी चाहिए। इस मुद्दे को भी रखा गया। जिला मंत्री ने बताया कि डीआईओएस से मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर कार्यालय में मांगपत्र दिया गया है।

## सामूहिक विवाह का आयोजन 30 को

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कस्बे में 30 अप्रैल को नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल की ओर से छठवां सामूहिक विवाह समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चेयरमैन ने बताया कि उनके द्वारा अब तक पांच बार सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया जा चुका है। इस वर्ष भी कस्बा स्थित राजकीय आईटीआई के पास सिद्ध बाबा की मढ़ी पर सुबह 11 से अपराह्न तीन बजे तक सामूहिक विवाह आयोजित कराए जाएंगे। फिर विशाल भंडारा होगा। इससे पूर्व 28 व 29 अप्रैल को श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ कराया जाएगा।महायज्ञ सुबह सात बजे और भागवत कथा शाम सात से रात दस बजे तक होगी। सामूहिक विवाह समारोह में वह और उनकी पत्नी ममता भोजवाल की ओर से वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा।

# चरस रखने के दोषी को नौ माह की कैद, 10 हजार रुपये जुर्माना

**विधि संवाददाता, पीलीभीत**

- स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चंद्र मोहन मिश्र ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चंद्र मोहन मिश्र ने एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को अवैध चरस रखने का दोषी पाते हुए नौ माह कैद और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन कथानक के अनुसार दो अक्टूबर 2023 को कोतवाली बीसलपुर में तैनात दरोगा अतुल कुमार आर्य पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। चीनी मिल चौकी तिराहा पर पहुंचते ही मुखबिर से सूचना मिली कि सिटी हॉस्पिटल जाने वाले रास्ते पर पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा है, जिसके पास चरस है। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी। यहां से बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दुबे निवासी किशन पुत्र डालचंद्र को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 280 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी किशन के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चंद्र मोहन मिश्र की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी किशन को अवैध चरस रखने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# ओवरलोड और फाल्ट से मिलेगी निजात

**संवाददाता, पूरनपुर**

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला साहूकारा और पंकज कॉलोनी के लोगों को बिजली कटौती और फाल्ट की समस्या से कुछ राहत मिल सकेगी। दोनों स्थानों पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से कम क्षमता के ट्रांसफार्मर हटाकर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर रखवाए गए हैं। माना जा रहा ही गर्मी में निर्बाध सप्लाई मिल सकेगी।

नगर से सटी पंकज कॉलोनी में कोतवाली रोड के किनारे ढाई सौ केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से गर्मियों में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से बार-बार फुंक जाता था। इस ट्रांसफार्मर से 250 से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जा रही थी। इसी तरह से लाइन पार साहूकारा मोहल्ले में भी देवी स्थान के पास रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ता भी ट्रिपिंग को समस्या से परेशान थे। पावर कॉरपोरेशन ने कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर बदलने की डिमांड भेजी थी। इस पर विभाग को 400 केवीए के दो ट्रांसफार्मर मिले। ओवरलोड की समस्या को देखते हुए पंकज कॉलोनी और लाइनपार साहूकारा मोहल्ले में ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर हटाकर 400 केवीए के ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। जेई जयपाल ने बताया कि दोनों मोहल्ले में ओवरलोड की सर्वाधिक समस्या आ रही थी। ढाई सौ केवीए का हटाकर 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। इससे ओवरलोडिंग और फाल्ट की समस्या दूर हो जाएगी।



पूरनपुर की पंकज कॉलोनी में नया ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- साहूकारा और पंकज कॉलोनी में रखे गए उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर

# टिकरी माफी में महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

**संवाददाता, बरखेड़ा**

**अमृत विचार:** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गांव टिकरी माफी में शुक्रवार को कलशयात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 24 अप्रैल को हुई थी। गुरुवार को गायत्री परिवार के सदस्यों ने गांव टिकरी माफी से साइकिल यात्रा निकाली, जो गांव नरायनपुर, डंडिया भगत, सोंधा, गझाड़ा, पुरैनिया रामगुलाम, लौगहा, रुरिया से होकर गुजरी। शुक्रवार को गांव के ही शिव मंदिर से कलशयात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलशयात्रा गांव की गलियों में घूमने के बाद पीलीभीत-बीसलपुर रोड होते हुए गांव जोगीठेर तक पहुंची। इसके बाद मंदिर लौटकर संपन्न हो गई। इसमें शामिल महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। इस मौके पर बुद्धसेन गंगवार, ग्राम प्रधान इंद्रपाल गंगवार, सोबरन लाल गंगवार, उषा गंगवार, गायत्री देवी, लालाराम आचार्य, जगदीश चंद्र आचार्य, जमुना प्रसाद आचार्य, राधिका गंगवार, रमन प्रकाश आदि मौजूद रहे। सेक्टर प्रभारी डॉ. दामोदर स्वरूप गंगवार ने बताया कि शनिवार को हवन और रविवार को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। दीप यज्ञ होने के उपरांत टोली की विदाई होगी।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

- आज होगा हवन, रविवार को टोली की विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा


## मेले के समापन पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**बरखेड़ा।** तीन दिवसीय श्रीराम नवमी मेला का समापन होने पर शुक्रवार को धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आकर्षक झांकियां सजाई गई। कई जगह पुष्पवर्षा का शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मेला कमेटी की ओर से तीन दिवसीय मेला श्रीराम नवमी उत्सव 24 अप्रैल को शुरू हुआ था। शुक्रवार को मेले का समापन किया गया। अंतिम दिन मेला ग्राउंड से दोपहर बाद शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा कस्बे में मुख्य मार्ग, दौलतपुर रोड, स्टेशन रोड, गाजीपुर कुंडा तिराहे समेत कई गलियों से गुजरी। शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, गणेश, हनुमान, साई बाबा, सुदामा की मनमोहन झांकियां सजाई गई। लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा देखने के लिए कस्बा वासियों की भीड़ जुटी रही।



बरखेड़ा में निकली शोभायात्रा में शामिल झांकी।

# ठेकेदार ने खोदकर छोड़ दीं सड़कें, लोग परेशान



पंकज कॉलोनी में खोदी जा रही सड़क। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पूरनपुर**

- पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए गांवों में खोदे जा रहे रास्ते

**अमृत विचार:** गांवों में घरों तक पानी पहुंचाने के लिए सड़कों की दुर्दशा की जा रही है। आरसीसी, इंटरलॉक और खड़ंजा उखाड़ कर पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इससे सड़कें जर्जर हो चुकी है। कई गांवों में पाइप लाइन डाले जाने के बाद भी सड़क सही नहीं की गई, जिससे लोग परेशान हैं।

जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए गांव में ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा हर घर तक अंडरग्राउंड पाइपलाइन भी बिछाई जा रही है। पानी सप्लाई के लिए बिछाई जाने वाली पाइपलाइन सड़कों के बीच में खुदाई कर बिछाई जा रही हैं। इससे गांव में बनाई गई आरसीसी और इंटरलॉक सड़कें पूरी तरह खराब हो चुकी है। सड़क तोड़ने के बाद गहरी नाली बन गई है।

कई गांवों में पाइप लाइन डालने के बाद कर्मचारी सड़कों की मरम्मत करना भूल गए। भले ही शासन ग्रामीणों की सहूलियत के लिए पानी की व्यवस्था कर रहा हो, लेकिन इससे सड़कें खराब होने से लोगों में नाराजगी है। अब नगर की पंकज कॉलोनी में भी पाइप लाइन के लिए सड़कों की खुदाई शुरू करा दी गई है।

# सनातन सेना ने घायल गोवंश को गोशाला पहुंचाया

**संवाददाता, बिठौराकलां**

**अमृत विचार:** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिल्हा खजुराह में पिछले दो दिनों से घायल अवस्था में पड़ी गाय तड़प रही थी। इसकी सूचना ग्रामीणों से मिलने पर शुक्रवार को राष्ट्रीय सनातन सेना के जिला महामंत्री नंदकिशोर राजपूत अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और घायल गाय का प्राथमिक इलाज कराया। फिर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को फोन करके मदद मांगी।

इसके बाद गाय को ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर देवीपुरा गोशाला ले जाया गया। जिला महामंत्री ने बताया कि क्षेत्र में कहीं से भी गोवंश से जुड़ी कोई सूचना उनके संगठन को प्राप्त होती है तो टीम तत्काल वहां पहुंचती है। गोवंश को लेकर कुछ जिम्मेदार लापरवाह रवैया अपनाए हैं। पीलीभीत में गायों के ऑपरेशन के लिए कोई इंतजाम नहीं है। इस मौके पर शंकर लाल, रजनीश माथुर, जसपाल, अनीता कश्यप, उमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।



घायल गोवंश को ट्रॉली में बैठाने लादते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# पहली पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहा पति

**संवाददाता, घुंघचिहाई**

- लड़की के परिवार ने लगाया मारपीट और धमकाने का आरोप

**अमृत विचार:** पत्नी को तलाक दिए बिना पति ने दूसरी शादी तय कर ली। इसका पता लगने पर पत्नी व उसके घरवालों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप है कि लड़के के परिवार वालों ने मारपीट कर उन्हें भगा दिया। उन्होंने पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के गांव मानपुर पिपरिया निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पिंकी देवी की शादी वर्ष 2013 में घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा निवासी बच्चूलाल से हुई थी।

कुछ दिन बाद पति व ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर पिंकी को प्रताड़ित करने लगे। इसकी रिपोर्ट पांच साल पहले बंडा थाने में दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बिना तलाक दिए बच्चू लाल ने दूसरी शादी तय कर ली। इसकी जानकारी मिलने पर शुक्रवार पिंकी के मायके वाले बच्चूलाल के घर जा पहुंचे और विरोध जताया। आरोप है कि इस दौरान उनसे मारपीट की गई। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच करा रहे हैं।




# अभियान चलाकर हाईवे से अवैध दुकानें और रेता-बजरी के ढेर हटवाए

## लोगों ने फुटपाथ पर कर रखा था अवैध कब्जा, नगर पालिका व नगर पंचायत की टीम ने चिह्नित कर हटवाया, कुछ लोगों ने अभियान पर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बनाई गई रणनीति के आधार पर शुक्रवार को हाईवे पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर नगर पालिका और नगर पंचायत की टीमें हाईवे पर भ्रमण कर दिनभर अतिक्रमण चिह्नित कर हटाने में जुटी रही। लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन उनकी नहीं चली।

जिले में सड़क हादसों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इनकी रोकथाम के लिए जनपद में ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए थे। हादसों की खास वजह सड़कों पर फैला अतिक्रमण माना गया। एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर गुरुवार को शहर के छतरी चौराहे के पास फुटपाथ पर बने पुलिस पिंक बूथ को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को टनकपुर, शाहजहांपुर, बरेली और असम हाईवे पर नगर पालिका व नगर पंचायत की टीमों ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान हाईवे के मुख्य चौराहों और मोड़ पर फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया गया।


असम चौराहे पर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाते नगर पालिका के कर्मचारी।


बीसलपुर रोड पर अतिक्रमण चिह्नित करती नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की टीम।


दुकान के बाहर लगे रेत के ढेर को हटाने के निर्देश देते ईओ। ● अमृत विचार

- दुर्घटनाओं की रोकथाम को डीएम-एसपी के निर्देश पर चलाया गया अभियान

जिन दुकानों के आगे रेता-बजरी के ढेर लगे पाए गए उन प्रतिष्ठानों के मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई। अफसरों ने कहा कि आगे अतिक्रमण पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फुटपाथ पर अवैध तरीके से संचालित की जा रहीं सब्जी की दुकानें, ठेले आदि भी हटवाए गए। चौराहों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न करने की अपील की गई। वाहनों की पार्किंग सड़क पर न की जाए।

अभियान के दौरान एआरटीओ ने गलत तरीके से खड़े किए वाहनों के चालान किए गए। टीमें सड़कों पर भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देती रहीं। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी। असम चौराहा पर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के ईओ एजाज अहमद, लिपिक अर्जुन सिंह, सफाई नायक विजय टीम के साथ निकले। उन्हें कई दुकानों के बाहर बजरी और रेत के ढेर लगे मिले। बरेली हाईवे पर वाहनों की कतार मार्ग किनारे लगी मिली। सभी को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए हटवाया गया।

### टनकपुर हाईवे किनारे दोनों तरफ डलवाई मिट्टी

टनकपुर हाईवे पर सड़क की ऊंचाई फुटपाथ से काफी अधिक ऊंची थी। जिसकी वजह से फुटपाथ से सड़क पर वाहन चढ़ाते वक्त कई बार हादसे हो चुके हैं। पूर्व डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने भी हादसे संज्ञान में आने पर इस दिशा में सख्त निर्देश दिए थे, लेकिन किन्हीं कारणवश सुधार कार्य नहीं हो सका था। अब सड़क सुरक्षा को लेकर शुरू किए गए अभियान के दौरान जरूर इस पर काम हो रहा है। टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा से लेकर कचहरी के आगे तक दोनों तरफ सड़क को समतल कराया जा रहा है। इसके लिए मिट्टी डालने का काम शुरू कर दिया है। गौहनिया तालाब के पास रेलिंग बनवाना शुरू कर दी गई है। इससे काफी राहत राहगीरों को मिलेगी।


उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला में फुटपाथ पर लगी दुकान हटवाते कर्मचारी।

> सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों को देखते हुए सुधारात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि हादसों की रोकथाम हो सके। विभाग वार जिम्मेदारी तय कर दी गई है। व्यस्ततम मार्गों का चिह्नीकरण करने के साथ कार्रवाई कराई जा रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। मार्गों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करने के भी निर्देश टीम दे रही है। नगर पालिका व नगर पंचायत की टीमें भी लगाई हैं।
> –संजय कुमार सिंह, डीएम

### उत्तराखंड सीमा पर भी चला अभियान

**मझोला।** उत्तराखंड की सीमा से सटे कस्बा मझोला में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा की टीम ने डीएम–एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अधिशासी अधिकारी हरिपाल गंगवार, लिपिक बैजनाथ यादव, ऑपरेटर विकास कुमार से कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया। मगर उनकी नहीं चली और सख्ती करके अतिक्रमण हटवा दिया गया।

## एक नजर

### ग्रामीण को रास्ते में घेरकर पीटा, रिपोर्ट

**बीसलपुर।** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम गांगूपुर निवासी ललित मोहन ने बताया कि वह गेहूं बेचने के लिए गुरुवार को ग्राम टिकरी माफी बाजार गए थे। वहां से लौटते वक्त वह पकड़िया मोड़ पर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। तभी गांव के गौरव, नत्थूलाल, राजेश और दो अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर ट्रैक्टर से नीचे खींच लिया और पिटाई कर दी। उनके शोर मचाने पर राहगीर जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल कराया है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बीसलपुर।** ग्राम धिमरपुरा निवासी रामऔतार का पुत्र मुनेंद्र कुमार शुक्रवार को साइकिल से गुलैदा बाजार घरेलू सामान खरीदने जा रहा था। रास्ते में तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे मुनेंद्र घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार भाग गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी वहां पहुंच गए।

### कमरे में रखे सामान में आग लगाने का आरोप

**बरखेड़ा।** कस्बा निवासी अवनीश कुमार ने बताया कि गजरौला मार्ग पर कस्बे के नजदीक ईट भट्ठा के पास उसका मकान है। गुरुवार रात परिवार के लोग घर के ऊपरी हिस्से में सो रहे थे। रात में करीब 11 बजे मकान के पिछले दरवाजे से किसी ने कमरे में घुसकर आग लगा दी। आग की लपटें और धुआं होने पर आंख खुल गई। जब तक आग बुझाई तब तक चारपाई, लकड़ी की अलमारी और उसमें रखा सामान जल गया।

# रोडवेज बसों व व्यावसायिक वाहनों में लगेगा चालक के परिवार का फोटो

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए वाहन चालकों की संवेदना को परिवार के साथ जोड़कर इसमें कमी लाने की पहल की जा रही है। फैसला लिया है कि परिवहन निगम की बसों और व्यावसायिक वाहनों में चालक की सीट के सामने उसके परिवार की फोटो अवश्य रूप से लगाई जाएगी। इतना ही नहीं इस आदेश के अनुसार यात्री वाहन की फिटनेस संभागीय परिवहन कार्यालय में तभी की जाएगी जब चालक के केबिन में उसके परिवार की ग्रुप फोटो लगी होगी। फोटो नहीं होने की स्थिति में विभागीय अधिकारी वाहन की फिटनेस नहीं करेंगे।

जिले में सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जागरुकता के तमाम प्रयास करने के बाद भी हादसों में कमी नहीं आ रही है। बीते एक सप्ताह दर्जर भर से अधिक मौतें सड़क हादसे में हुईं और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पूरनपुर, बीसलपुर, बरेली, अमरिया, बहेड़ी, रिछा और सितारगंज समेत विभिन्न रूटों पर बसें, मैजिक टेंपो आदि चलते हैं। कई बार वाहनों की तेज रफ्तार के चलते हादसे होते हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने बस चालकों के सामने उनके परिवार की फोटो का फैसला लिया है। एआरटीओ कार्यालय में करीब सवा लाख वाहन पंजीकृत हैं। इन सभी वाहनों पर उनके परिवार के फोटो लगाई जाएगी। इस फैसले के पीछे मकसद यह है कि गलत ड्राइविंग के दौरान परिवार की फोटो पर नजर पड़ते ही उसे अपने घर और बच्चों का ख्याल आ जाए और वह सावधानी से वाहन चलाने लगेंगे।

यह फोटो स्पीड मीटर के पास लगाई जाएगी। इससे कि चालक अगर तेज रफ्तार से वाहन दौड़ता है तो उसे रफ्तार के साथ फोटो देखकर अपने परिवार का ख्याल आ जाए और वह रफ्तार कम कर ले। यह नियम सभी यात्री वाहनों पर लागू होगा।

- बढ़ते हादसों की रोकथाम के लिए जागरूक करने को उठाया कदम

> सड़क हादसों को रोकने के लिए बस के डैशबोर्ड या केबिन में चालक के परिजनों की फोटो लगाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। फिटनेस के समय यात्री वाहन में फोटो चेक की जाएगी। उसके बिना फिटनेस नहीं होगी। – वीरेंद्र सिंह, एआरटीओ

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** बरखेड़ा थाने में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उसकी नाबालिग पुत्री अपनी ननिहाल बरखेड़ा क्षेत्र में गई थी। 23 अप्रैल को जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव धरमगदापुर निवासी छोटेलाल अपने दो साथी नन्हेलाल और सोमपाल की मदद से उसिर पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया।

आरोपी किशोरी को घर ले दवा दिलाने का बहाना करके ले गया था। परिचित होने की वजह से बेटी को आरोपी के साथ भेज दिया। मगर उसके बाद से उनकी पुत्री का कुछ पता नहीं लग सका है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी और किशोरी का पता लगाया जा रहा है।

# पूरनपुर में नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण, जुर्माना भी वसूला

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** कई बार अभियान चलाए जाने के बावजूद नगर की सड़के अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाईं। डीएम-एसपी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर शुरू की गई मुहिम का असर पूरनपुर में भी दिखा। यहां शुक्रवार को नगर पालिका की टीम ने सड़कों पर उतरकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान फुटपाथ पर सजी दुकानें हटवाईं और जुर्माना वसूला गया।

नगर की सड़कों पर अतिक्रमणकारी लंबे समय से काबिज हैं। मुख्य बाजार, सीमेंट रोड, शेरपुर रोड, स्टेशन रोड अतिक्रमण से घिरे रहते हैं। अभियान चलाए जाने के कुछ दिन बाद ही दुकानदार सड़कों पर सामान रख देते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगती है। शुक्रवार को नगरपालिका ने स्टेशन रोड पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान नाले के ऊपर रखा सामान हटवाया गया। अभियान की भनक लगते ही दुकानदारों ने अपना सामान समेट लिया। इस दौरान नाले के ऊपर अतिक्रमण करने वाले तीन दुकानदारों से तीन हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ दुकानदारों से टीम की झड़प भी हुई। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका टीम जेसीबी साथ लेकर चल रही थी। पुलिस बल भी मौजूद रहा। ईओ केके सोनकर ने बताया कि सामान हटाने के साथ दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई कि अगली बार अतिक्रमण मिला तो सामान जब्त कर लिया जाएगा।


नगर के मुख्य बाजार में दुकानों के आगे रखा सामान हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

# डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा देखी, जरूरी निर्देश दिए


सुरक्षा कर्मियों को निर्देश देते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर डीएम खुद कमान संभाले हुए हैं। प्रतिदिन मंडी समिति पहुंचकर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भी जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मंडी समिति पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया। तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा के संबंध में जानकारी की। विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी की जांच की। कन्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को परखा। पुलिस कर्मियों से ड्यूटी के संबंध में जानकारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# लखनऊ और दिल्ली के लिए चलाई जाए नियमित ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष एमए जिलानी की अगुवाई में शुक्रवार को पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर को एक पत्र भेजा गया। जिसमें पीलीभीत से लखनऊ और दिल्ली के लिए नियमित रेल सेवा शुरू करने की मांग की गई।

व्यापारियों ने पत्र में लिखा है कि ट्रेन संचालन के साथ समय का भी ध्यान रखा जाए। ट्रेनों का समय ऐसा रखा जाए कि सुबह को व्यापारी अपने व्यापार के सिलसिले में लखनऊ, दिल्ली जा सकें। बरेली से चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन को अगर सुबह जल्दी टनकपुर से संचालित कर दिया जाए तो पूर्णागिरी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पीलीभीत के व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही मीटरगेज के दौरान चलने वाली नैनीताल एक्सप्रेस, मरुधर एक्सप्रेस, रूहेलखंड एक्सप्रेस को चलवाया जाए। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव को पत्र भेजने वालों में जिलाध्यक्ष के अलावा संरक्षक प्रकाशवीर, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, महामंत्री पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय पांडेय शामिल हैं।

व्यापारियों का कहना है कि पीलीभीत से लखनऊ को बडी रेल लाइन से जोड़ दिया गया है। इस मार्ग पर तीन लंबी दूरी की विशेष रेलगाड़ियों का संचालन हो रहा है। हालांकि अभी ये सभी साप्ताहिक ट्रेनें हैं। कहा कि रेलवे के प्रयासों का स्वागत है, लेकिन इन प्रयासों की सार्थकता तभी है, जब इस रेल मार्ग पर नियमित रूप से रेल परिवहन हो। प्रतिनिधिमंडल ने पत्र की प्रतिलिपि रेल मंत्री को भी भेजी है। इस मौके पर शेर सिंह, सुधीर सिंह, रणवीर पाठक, शलभ सिंह, मुस्तकीम, रेहान अंसारी, सईद अहमद, अतुल जायसवाल, मोबीन अंसारी, विक्रांत मिश्रा, विक्रम सिंह, शैली शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल अरोड़ा आदि रहे।


बैठक के लिए एकत्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- इंटरसिटी एक्सप्रेस को टनकपुर से संचालित करने की मांग
- व्यापारियों ने मंडल रेल प्रबंधक और रेल मंत्री को भेजा पत्र

# ईदगाह चौराहे पर दिन में कई बार लगता है जाम, राहगीर परेशान

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर के प्रमुख ईदगाह चौराहे पर एक माह पूर्व पीलीभीत से रढैता गांव तक मार्ग का चौड़ीकरण करने के लिए तोड़फोड़ की गई थी, जिससे सड़क के दोनों और मलवा पड़ा है। इस वजह से दिन में कई बार जाम लगता है। गर्मी के दिनों में जाम मुसीबत का सबब बना हुआ है।

पीलीभीत से बरखेड़ा- बीसलपुर होते हुए ग्राम रढ़ैता तक मार्ग के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से ईदगाह चौराहे पर करीब एक माह पूर्व कई दुकानें व अन्य प्रतिष्ठान अतिक्रमण की जद में आने पर तोड़ दिए गए थे। इसका मलवा अभी तक सड़क पर पड़ा है। इसके चलते बिलसंडा, शाहजहांपुर, लखीमपुर पीलीभीत की ओर से आकर बरेली की ओर जाने वाले वाहनों का जाम में कई फंसना तय है। इन दिनों पड़ रही तपती धूप में जाम से और मुसीबत हो रही है। शुक्रवार को भी जाम लगा रहा। नागरिकों ने इसका समाधान करने की मांग की है।


ईदगाह चौराहा पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# गेहूं खरीदने के लिए डोर टू डोर जाएंगी टीमें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सुस्त खरीद पर शासन गंभीर जनपद में अधिकारियों ने बनाई मोबाइल टीम
- छोटे किसानों को मिलेगी सुविधा गेहूं एकत्र होने पर देनी होगी विभाग को सूचना

**अमृत विचार :** शासन शत प्रतिशत गेहू खरीद की कोशिश में लगा है। ताकि किसानों को समर्थन मूल्य के तहत फसल की खरीद मिल सके। इसके लिए क्रय केंद्रों के अलावा डोर टू डोर खरद करने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर मोबाइल क्रय केंद्र बनाए जा रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी की ओर से मातहतों को निर्देशित किया गया है।

शासन के निर्देश पर जनपद में 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद की जा रही है। इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। आवंटित लक्ष्य को हासिल कराने के लिए प्रशासन जोर-शोर से लगा है। एक अप्रैल के बाद से सेंटरों पर गेंहू पहुंचना शुरु हो गया था। साथ ही जनपद से बाहर गेहूं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद भी बाजार में गेहूं की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी से क्रय केंद्र के बजाय किसान बाजार में आढ़तियों के पास अपनी उपज बेच रहे हैं। जिले में अभी तक 3802.50 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हो सकी है। ऐसे में लक्ष्य पूरा करना जिला प्रशासन के लिए चुनौती बना है। इसके लिए प्रशासन की ओर से गांव-गांव किसानों से खरीद करने की योजना पर काम करते हुए लक्ष्य पूरा करने की कोशिश में जुटा है।

इसके लिए एजेंसी वार कंट्रोल रूम गठित करते हुए मोबाइल क्रय टीम गठित की गई है। टीम प्रभारी का नंबर सार्वजनिक करते हुए डोर-टू-डोर किसान से निर्धारित फसल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जाएगा। केंद्र प्रभारियों को ग्राम प्रधान व कोटेदार के माध्यम से किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए हैं। टीम वहीं गेहूं खरीदने जाएगी जहां कम से कम सौ क्विंटल हो। योजना से छोटे किसान के साथ थोड़ी मात्रा में गेहूं होने से वह परिवहन की असुविधा के साथ केंद्र पर नंबर लगाने की परेशानी से भी बचेंगे। साथ ही मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गांव में ही गेहूं खरीद होने से किसानों के परिवहन व्यवस्था में होने वाला खर्च बचेगा तो बिना कसी झंझट मौके पर ही गेहूं बिक जाएगा तो 72 घंटे में उनके खाते में धनराशि पहुंच जाएगी।

> जिले का निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए मोबाइल क्रय टीम गांव में जाकर मौके से आधार किसानों से गेहूं खरीद की जाएगी। योजना से किसानों को परेशानी नहीं हो इसके लिए सारे प्रबंध करते हुए मोबाइल टीम से खरीद शुरू करने का निर्देश दिया गया है।
> – विजय कुमार शुक्ला, डिप्टी आरएमओ

## कोर्ट के आदेश पर महिला से दुष्कर्म की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक महिला की ओर से घर में घुसकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज की है। घटना साढ़े चार माह पुरानी बताई जाती है। दर्ज की गई रिपोर्ट में एक विवाहिता ने बताया कि उसके पति मजदूरी करते हैं। पांच दिसंबर 2023 को वह खाना खाकर अपने दूसरे घर में सोने चली गई। पति घर पर नहीं थे। आरोप है कि रात करीब 11 बजे घर में गांव का ही रीतराम दीवार फांदकर घुस आया और पीड़िता से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने डराया धमकाया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा होने लगे तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। घटना की तहरीर उस वक्त पुलिस को दी गई लेकिन जांच के नाम पर टाल दिया। जिसके बाद कोर्ट की शरण ली गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी रीतराम के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने व धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# घटतौली की जांच में मिलीं कई खामियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत और बिठौराकलां के एफसीआई गोदाम में घटतौली की शिकायत पर जांच की गई तो कुछ खामियां पाई गईं। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र के सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने संभागीय खाद्य नियंत्रक से बीते दिनों शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय खाद्य निगम के पीलीभीत व बिठौराकलां डिपो में उठान में लगे स्टेज वाहनों में दो क्विंटल तक राशन कम दिया जा रहा है। इसकी जांच के लिए बांट माप विभाग, आपूर्ति और विपणन विभाग से संयुक्त टीम बनाई गई।

टीम ने दोनों केंद्रों पर पहुंचकर जांच की। पीलीभीत का धर्मकांटा चेक करने पर सही पाया गया। मगर यहां से 23 व 24 अप्रैल को वजन में एक क्विंटल से अधिक वजन का अंतर निकला। डिपो इंचार्ज इसका संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके अलावा कंप्यूटराइज्ड पचीग्र् भी तौल के बाद नहीं दी जा रही थी। इसे लेकर डिपो इंचार्ज का जवाब तलब किया गया है।

इसके अलावा बिठौराकलां गोदाम पर भी जांच की गई। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शिकायत पर 25 अप्रैल को संयुक्त टीम ने जांच की थी। इसकी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है।


धर्मकांटा पर राशन की तौल कराती जांच टीम। ● अमृत विचार

- संयुक्त टीम ने भारतीय खाद्य निगम के पीलीभीत और बिठौराकलां गोदाम पर मारा था छापा

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

## हमला करने के मामले में 10 दिन बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

लखीमपुर खीरी। पिटाई कर चाकू से हमला करने के मामले में थाना खीरी पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ दस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस छानबीन कर रही है। थाना धौरहरा के गांव करौंहा निवासी उपदेश शंकर अवस्थी ने बताया कि वह 15 अप्रैल को ओयल हॉस्पिटल से पेट दर्द की दवा लेकर अपने घर वापस जा रहे थे। ओयल हॉस्पिटल चौराहे पर रात करीब 10 बजे शशांक मिश्रा, उमेश चन्द्र मिश्रा निवासी रामनगर कालोनी कोतवाली सदर व संदीप मिश्रा निवासी नवीनगर थाना लहरपुर (सीतापुर) मिल गए। तीनों ने पुरानी रंजिश के चलते उसकी बाइक रोक ली और गालियां देते हुए पिटाई करने लगे। आरोप है कि उमेश चन्द्र मिश्रा व संदीप मिश्रा ने उन्हें पकड़ लिया और शशांक मिश्रा ने चाकू से हमला किया। इससे उसकी चारों उंगलियां कट गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने 10 दिन बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# दो साल में 51 रोजगार मेले लगाए गए केवल 6976 युवाओं को मिला रोजगार

## ज्वाइनिंग के बाद कंपनियों की शर्तें बदलने से 10 फीसदी छोड़ चुके हैं नौकरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : तमाम कोशिशों के बाद भी बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया नहीं हो पा रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से लगने वाले रोजगार मेले बेरोजगारों के लिए नुमाइश साबित हो रहे हैं। जिले में पिछले दो साल में 51 मेले आयोजित किए गए। इनके जरिए रोजगार सिर्फ 6976 युवाओं को मिला। खास बात यह है कि ज्वाइनिंग के बाद कंपनियों की शर्तें बदलने से करीब 10 प्रतिशत युवा नौकरी छोड़कर चले आए। ऐसे में बेरोजगार युवाओं की तादाद बढ़ती जा रही है।

जिला सेवायोजन कार्यालय युवाओं को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्राइवेट कंपनियों से समन्वय स्थापित कर रोजगार दिलाने का काम करता है। स्कूल और कॉलेज में करियर काउंसलिंग भी कराई जाती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार रोजगार कार्यालय में 44,250 युवाओं ने अपना पंजीकरण करा रखा है, जो अपने लिए रोजगार की तलाश कर रहे हैं। विभाग की ओर से पिछले दो सालों में 51 रोजगार मेले आयोजित किए हैं। इनमें सिर्फ 6976 युवाओं को रोजगार मिल सका है। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग को 11 रोजगार मेले का लक्ष्य मिला था, लेकिन 17 मेलों का आयोजन किया गया। इनमें रुद्रपुर, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव आदि स्थानों से कंपनियां पहुंची थीं।

इन 17 मेले में 2181 युवाओं को रोजगार मिल सका। बाकी युवाओं को कंपनियों ने सेलेक्ट नहीं किया। इसी तरह 2023-24 में 11 का लक्ष्य मिला, जिसकी बजाय 34 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। इनमें सिर्फ 4795 युवाओं को रोजगार मिला। बाकी 37,274 युवाओं को रोजगार नहीं मिल सका है। यह युवा रोजगार के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। मगर उन्हें अभी तक रोजगार नहीं मिल सका है। वहीं बताते हैं कि सेलेक्ट हुए युवाओं में भी करीब 10 फीसदी नौकरी छोड़ चुके हैं।

**44250**
युवा सेवायोजन कार्यालय में हैं पंजीकृत

शासन की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। पिछले दो साल में 51 मेले आयोजित किए गए। जिनमें 6976 युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया। कोशिश रहती है कि युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मुहैया कराई जाए।
–विवेक शुक्ला, जिला सेवायोजन कार्यालय

### करियर काउंसलिंग तक ही सीमित है महकमा

जिला सेवायोजन कार्यालय भले ही युवाओं को रोजगार दिलाने में उनकी मदद नहीं कर पाया। मगर स्कूल कॉलेजों में कैरियर काउंसलिंग में तेजी आई है। पिछले दो सालों में विभाग की ओर से 125 कैरियर काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इनमें 10313 छात्र-छात्राओं की करियर काउंसलिंग कर उन्हें जागरूक करने का काम किया है। मगर रोजगार दिलाने में फिसड्डी साबित हो रहा है।

## प्रेक्षकों ने देखा स्ट्रांग रूम, दिए निर्देश


निर्वाचन संबंधी तैयारियों का जायजा लेते प्रेक्षक और मौजूद सीडीओ अनिल कुमार।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः खीरी लोकसभा के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक आर सीतालक्ष्मी एवं 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी, इनके लिए वाहनों की पार्किंग एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए चयनित राजापुर मंडी का निरीक्षण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले की आठ विधानसभाओं के लिए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। शुक्रवार को प्रेक्षकों ने मतदान को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आयोग की गाइडलाइन का नियमतः पालन करने के निर्देश देकर पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने मतदान एवं मतगणना से संबंधित समस्त कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, अवर अभियंता प्रदीप त्रिवेदी, मंडी सचिव सुधांशु शेखर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बहन की विदा कराने गए युवक को ससुरालियों ने पीटा

पीलीभीत। बहन की विदा कराने गए युवक को ससुरालियों ने रास्ते में घेरकर पीट दिया। थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम भौनी निवासी नईम खां ने सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव में है। उसकी पत्नी मीना एक माह पहले अपने मायके नौगवां पकड़िया आई थी। उसकी सास मुन्नी बेगम, साला मुजीब और साली नाजरीन से कहासुनी होने पर वह पत्नी को विदा करने नहीं आया था। उसकी बहन शहनाज की ससुराल भी नौगवां पकड़िया में ही है। बृहस्पतिवार को वह बहन को विदा कराने के लिए गांव नौगवां पकड़िया गया। इसकी जानकारी लगने पर उसकी पत्नी ने अपने मायके वालों के संग मिलकर उसकी पिटाई कर दी। बचाने पर बहन को बांके से वार कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

### युवक की मौत के मामले में ईको चालक पर रिपोर्ट

पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम मधुडांडी निवासी गुलाब सिंह पुत्र प्यारेलाल ने सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पुत्र देवकी नंदन 20 मार्च को अपनी बाइक पर काम से जा रहा था। शाम को करीब साढ़े सात बजे एक बरात घर के पास पहुंचने पर उसकी बाइक में एक ईको ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से देवकी मौत हो गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने ईको चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### स्कूल के बच्चों ने निकाला कैंडल मार्च



पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्या सीमा अग्रवाल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, कोऑर्डिनेटर नीना मेहरोत्रा व अन्य स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने शोक व्यक्त किया। दो मिनट का मौन धारण किया और संस्थापक प्रधानाचार्या सीमा अग्रवाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कक्षा 12 की छात्रा आद्या अग्रवाल ने सीमा मैडम के साथ की कुछ यादें ताजा की। शाम करीब सात बजे स्टाफ और विद्यार्थियों ने विद्यालय से गन्ना चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल को वह खेत पर गई थी। घर में उसकी 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। दोपहर करीब एक बजे गांव शेखापुर निवासी अजय कुमार घर में घुस आया और पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

## बुजुर्ग की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

घुंघचिहाई। लखीमपुर खीरी जनपद के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव शंकरपुर छावनी निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता पुत्तन लाल 18 अप्रैल को एक शादी समारोह में शामिल होने घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह आए थे। गांव के पास पहुंचते ही पूरनपुर की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## पुरानी रंजिश में पड़ोसियों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट

पीलीभीत। थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी बलराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की दोपहर एक बजे उसका भाई राहुल घर के बाहर बीड़ी पी रहा था। इस बीच पड़ोस के जमुना प्रसाद, रोहित, मनोज कुमार, अनुज कुमार ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके भाई की पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## स्कूटी सवार ने बालक को टक्कर मारी, रोकने पर युवक का पीटा

पीलीभीत। हादसा करने वाली स्कूटी को पकड़ने पर एक युवक की पिटाई कर दी गई। न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी वकील अहमद पुत्र मुजफ्फर हुसैन ने थाना न्यूरिया पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल की शाम साढ़े चार बजे वह अपने घर से बस स्टैंड आ रहे थे। तभी मोहल्ला खब्बापुर निवासी शकील अहमद के नौ वर्षीय पुत्र मोहम्मद अरसलान को बस स्टैंड के पास न्यूरिया की ओर से आ रही स्कूटी ने टक्कर मार दी। जिसमें अरसलान घायल हो गया। उन्होंने स्कूटी सवार को रोक लिया। इस पर स्कूटी सवार ने अपने साथी सलमान खां, आगाज नूर आदि को बुला लिया और पिटाई कर दी। भीड़ जमा होने पर आरोपी भाग गए। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## 29 को पूरनपुर पहुंचेंगे बाबा उमाकांत

संवाददाता, पूरनपुर

- खुटार हाईवे पर मौजूद आश्रम पर अनुयायी करेंगे भव्य स्वागत

अमृत विचारः कस्बा कलीनगर के श्री रामलीला मेला मैदान में 30 अप्रैल को एक दिवसीय बाबा जय गुरुदेव का सत्संग होगा। इसमें विश्व विख्यात बाबा जय गुरुदेव के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी उमाकांत जी महाराज (उज्जैन वाले) पहुंचेंगे।

29 अप्रैल को पूरनपुर पहुंचने पर उनके अनुयायी खुटार मार्ग पर स्थित बाबा उमाकांत महाराज आश्रम पर उनका स्वागत करेंगे। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। हाईवे पर दोनों ओर झंडे लगाए गए हैं। अनुयायियों से मुलाकात करने के बाद उमाकांत जी महाराज कलीनगर के लिए प्रस्थान करेंगे। अनुयायी सर्वेश पांडे ने बताया कि 30 अप्रैल को कलीनगर के श्री रामलीला मेला मैदान में सुबह आठ बजे से एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारी संख्या में संगत पहुंचेगी।


बाबा के स्वागत की तैयारियों में जुटे अनुयायी। • अमृत विचार

## सड़क सुरक्षा के नियम बताए, फ्रेंडशिप वीक में की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने सड़क सुरक्षा विषय पर छात्र - छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से जागरुक किया। इस मौके पर आलोक उपाध्याय, राजपाल गंगवार, अवनीन्द्र गंगवार, सचिन कुमार, संजीव श्रीवास्तव, डॉ.अतुल मिश्रा, डॉ. कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, प्रदीप कुमार, सोनिया सिंगला, नीरज गंगवार, डॉ. सुमन जौहरी, महक तब्बसुम, कुसुम लता, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर, श्रद्धा सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर, स्प्रिंगडेल कॉलेज की दूसरी शाखा में फ्रेंडशिप वीक के पांचवें दिन बच्चों ने ट्रेनर निकिता निर्देशन में तैराकी के गुण सीखें। प्रधानाचार्य प्रिया आनन्द ने बताया कि तैराकी व मार्शल आर्ट (ताइक्वान्डो) की कक्षायें लगातार चलती हैं। नन्हे-मुन्नों ने पोस्टर कलर इम्प्रेशन पेन्टिंग बनाई। बच्चों ने डांस की प्रस्तुति दी।

## मेढ़ के विवाद में मारपीट

पीलीभीत। थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम मानपुर हटुआ निवासी लालता प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 अप्रैल को उसके खेत की मेढ़ गांव के ही पूरनलाल, राजकुमार, अजय कुमार, पवन कुमार ने काट दी। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। किसी तरह भागकर खुद को बचाया। उसी दिन शाम सात बजे आरोपी घर में घुस आए और दोबारा पीटा। बचाने आई पुत्री सीमा देवी से भी मारपीट की। गजरौला एसओ रुपा बिष्ट ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

## एक नजर

### जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों का करें निरीक्षण

**पलिया कलां।** तहसील सभागार में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की एक बैठक हुई, जिसमें एसडीएम ने बूथों पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव संबंधी अन्य जानकारियां भी उन्हें दी गईं। इस दौरान तहसीलदार आरती यादव ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को चुनाव से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराने से लेकर ईवीएम की भी जांच पड़ताल करने की बात कही। बैठक में खंड विकास अधिकारी पलिया संगीता यादव, चीनी मिल संपूर्णानगर की प्रधान प्रबंधक विनीता सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस अब देगी मतदाता जागरुकता संदेश

**भीरा।** थाना भीरा पुलिस अब मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगी। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम शांति व्यवस्था का संदेश देने के साथ-साथ क्षेत्र के मतदाताओं को भी जागरूक करेगी। इसी क्रम में इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह को बुलाकर प्लान तैयार किया। उन्होंने बताया कि भीरा थाना क्षेत्र में कुल 55 गांव व 130 मजरे आते हैं। इसके अलावा एक नगर पंचायत है। सभी पुलिस कर्मियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां दी गई हैं। पुलिस प्रत्येक व्यक्ति को 13 मई को घर से निकलकर मतदान करने की अपील करेगी। मतदान करना मातृभूमि की सेवा करने जैसा है और हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है।

### महिला से मारपीट, पांच पर रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरविंद कुमार की पत्नी प्रियंका ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 अप्रैल की शाम शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में मोहल्ला तीर्थ डामर रोड पर कुम्हारन टोला निवासी बलराम, कोमल राठौर, रीति राठौर, प्रांशी राठौर और कमल ने उसे घेर कर पिटाई कर दी, जिसमें वह गंभीर घायल हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुआ जंगली सुअर

**केशवापुर।** गोला वन रेंज की रजानगर बीट में लखीमपुर गोला नेशनल हाईवे पर केशवापुर के पास निपनिया मोड़ पर एक जंगली सुअर सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जंगली सुअर को उपचार के लिए अपने साथ गोला ले गयी। लोग बताते हैं कि गन्ने की फसल कटने के बाद जंगली जानवरों को छुपने की समस्या हो रही है। जिस वजह से जंगली जानवर आबादी क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं।

# भीषण गर्मी में सूखे पड़े अमृत सरोवर, पशु-पक्षियों का सूख रहा हलक

## जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में होना है अमृत सरोवर का निर्माण, 306 सरोवरों का निर्माण पूरा होने का दावा कर रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने से लेकर जल संरक्षण के लिए हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनने हैं। मगर, अब तक गिनती के ही अमृत सरोवर बनकर तैयार हो सके हैं। मगर, इनमें से अधिकतर में धूल उड़ रही है, तो कुछ में गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। इससे चिलचिलाती धूप में प्यास से व्याकुल पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।

गांवों में अमृत सरोवर तैयार कराने के पीछे मोदी सरकार की मंशा इनमें बारिश की बूंदों को सहेजने के साथ भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने की थी। साथ ही गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी का इंतजाम करना था। मगर, जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से तमाम अमृत सरोवर ऐसे हैं, जिनकी तलहटी सूखी है और उनमें धूल के गुबार उड़ रहे हैं। अधूरे सरोवरों से न तो जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा हो पा रहा है और न ही पशु पक्षियों से लेकर ग्रामीणों के मवेशियों की प्यास बुझ पा रही है। ऐसे में जिले में अमृत सरोवर योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। सरोवरों में पानी के अभाव में पशु-पक्षियों के हलक सूख रहे हैं।

### सरोवर बना क्रिकेट मैदान



**रजागंज।** बेहजम ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुहा में अब तक अमृत सरोवर नहीं बना है और न ही इसमें पानी ही है। ऐसे में इस चयनित तालाब को गांव के बच्चों ने मैदान बनाकर क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है। इससे गांव के मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी न मिलने से उनके जीवन पर संकट मंडराने लगा है।

### हाइवे किनारे का तालाब भी सूखा



**लखीमपुर।** गोला मार्ग के रजागंज कस्बे की पंजाब नेशनल बैंक के सामने तालाब है। इस भीषण गर्मी में भी तालाब सूखा पड़ा है। इससे मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों और जंगली जानवरों का प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। मगर, जिम्मेदार इसमें पानी भरवाने की सुधि नहीं ले रहे हैं।

### गांव टिकौली में सूखा पड़ा अमृत सरोवर

सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रूकुंदीपुर के गांव टिकौली में अमृत सरोवर की हालत बेहद दयनीय है। जीर्ण शीर्ण अवस्था में अमृत सरोवर कई माह से सूखा पड़ा है। गोला हाइवे पर बने इस सरोवर की यह स्थित तब है जब आए दिन जिले से लेकर मंडल तक के आला अधिकारियों का इसी रास्ते से आना जाना रहता है। सूखा होने के कारण सरोवर में झाड़ झंखाड़ तक उग आयी है।



### बारिश के बाद सूखा ही रहता है सरोवर

बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिसनौर का अमृत सरोवर भी सूखा पड़ा है। ऐसे में गांव के मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी तक मिलना मुश्किल है। प्रधान मनीष वर्मा ने बताया कि बरसात में इसमें पानी भर जाता है और दो माह बाद सूख जाता है। फिर यह साल भर सूखा ही रहता है।



### जिम्मेदार का तर्क, भूगर्भ जल होगा खर्च

अमृत सरोवरों में पानी भरवाने के मामले में डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी का कहना है कि पानी भरवाने का काम जिला पंचायत राज अधिकारी है। मगर, सूखे सरोवरों और तालाबों में पानी भरवाने से भूगर्भ जल काफी खर्च होगा। इसलिए इनको भरवाना संभव नहीं है।

### पारा 40 पार, फिर भी पानी भरवाने की नहीं ले रहे सुधि

इस समय गर्मी सितम ढ़ा रही है। पारा 40 के पार हो गया है। गर्म हवाओं के थपेड़े तन झुलसा रहे हैं। ऐसे में थोड़ी-थोड़ी देर बाद हलक सूख रहा है। हालांकि लोग तो किसी तरह अपनी प्यास बुझा ही लेते हैं। मगर, तालाबों में पानी न होने से सबसे ज्यादा हालत पशु पक्षियों की खराब है, क्योंकि पालतू जानवरों को तो पानी मिल जाता है, लेकिन लावारिश पशुओं से लेकर पक्षी प्यास बुझाने के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं।

### जिले में पशुपक्षियों को पीने के पानी की नहीं है किल्लत

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने बताया कि अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संरक्षण का है। न कि भूगर्भ जल से इन्हें भरवाने का। तराई एरिया होने के कारण जिले में पशु पक्षियों से लेकर जानवरों के लिए पीने के पानी की कोई किल्लत नहीं है।

# बिजली कर्मियों की अनदेखी से टूटी पेयजल पाइपलाइन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बिजली विभाग की अनदेखी से नगर में विद्युत कर्मचारियों ने गड्ढा खोदकर बिजली का पोल लगा दिया, जिससे नगर पालिका की जल सप्लाई वाली पाइप टूट जाने से हजारों लीटर स्वच्छ जल नाली में बहकर बर्बाद हो रहा है। मोहल्ले वालों ने टूटी पाइप को ठीक करने के लिए जिम्मेदारों से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

नगर के मोहल्ला मुन्नू गंज के नारायण लोहिया वाली गली में बालाजी मिश्र के मकान के निकट बिजली विभाग के कर्मचारियों ने चार दिन पूर्व गड्ढा खोदकर नया पोल लगा दिया था। जिसमें नगर पालिका की अंडरग्राउंड पानी सप्लाई की पाइप टूट गई, जिससे पानी बह रहा है। मोहल्ले वासियों ने पानी की सप्लाई पाइप को ठीक करवाने की मांग नगर पालिका से लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों तक की, किंतु नतीजा सिफर है। जलकल



मोहल्ला मुन्नू गंज में बिजली पोल लगाने से टूटी पाइप लाइन से निकल रहा पानी।

- **पाइप लाइन टूटने पानी की हो रही बर्बादी**

प्रभारी नगर पालिका परिषद गोला मोहित गिरि ने कहा बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नगर पालिका को बिना सूचना दिए पोल लगवाया है, जिससे पाइप लाइन टूट गई। सूचना मिली है, शीघ्र ही पाइप लाइन को दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# खीरी सीट पर एक और धौरहरा में तीन पर्चे खारिज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी लोकसभा क्षेत्र के लिए दाखिल किए गए 12 और धौरहरा क्षेत्र से 16 नामांकन पत्रों की शुक्रवार को जांच की गई, जिसमें क्रमशः एक और तीन पर्चे खारिज हो गए। पर्चे खारिज होने के पीछे नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के प्रपत्रों में खामियां थीं। किसी के शपथ पत्र में अपराधिक विवरण का कॉलम खाली था। जबकि एक के शपथ पत्र के अंतिम पृष्ठ पर नोटरी करने वाले के हस्ताक्षर ही नहीं थे। खामियों को निर्धारित समय में दुरुस्त न कर पाने पर पर्चे खारिज कर दिए गए।

खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 25 अप्रैल को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। खीरी सीट पर 12 प्रत्याशियों ने, जबकि धौरहरा सीट पर 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए गए थे। शुक्रवार को सुबह दस बजे से जांच प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान कलेक्ट्रेट में पूरे दिन गहमा गहमी रही। खीरी सीट पर जांच में एक पर्चा खारिज किया गया। रिटर्निंग ऑफीसर के अनुसार, खीरी सीट से नर नारी रक्षक पार्टी के विजय पाल के शपथ पत्र में खामियां थीं। ओवरराइटिंग भी थी, जिस पर नोटिस दिया गया, लेकिन निर्धारित समय में दुरुस्त न कर पाने पर उनका पर्चा खारिज कर दिया गया।



कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी के सामने नामांकन पत्र की जांच करते निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह।

- **खीरी में 11 और धौरहरा में 13 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला**

इस तरह यहां 11 नामांकन पत्रों को वैध घोषित कर दिया गया। उधर, धौरहरा से उप्र रिपब्लिकन पार्टी के भगौती प्रसाद, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी के नरेंद्र कुमार और नर नारी रक्षक पार्टी के ब्रजलाल के भी पर्चे खामियों के चलते खारिज कर दिए गए। पर्चों की जांच के बाद अब 29 अप्रैल को नाम वापसी का समय निर्धारित है। नाम वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल कर दी जाएगी। इसके बाद 13 मई को मतदान कराया जाना है।

> धौरहरा में जिन तीन प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हुए हैं उनके प्रपत्रों में खामियां थीं। एक प्रत्याशी के शपथ पत्र में अपराधिक विवरण का कॉलम खाली था। जबकि एक के शपथ पत्र के अंतिम पृष्ठ पर नोटरी करने वाले के हस्ताक्षर ही नहीं थे। इन लोगों को नोटिस जारी की गई थी। मगर, उसका इन लोगों ने संज्ञान नहीं लिया। -**राजेश कुमार**, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर/एसडीएम धौरहरा।

### खीरी लोकसभा से वैध नामांकन

| | |
|---|---|
| 1- अजय कुमार | भाजपा |
| 2- उत्कर्ष वर्मा | सपा |
| 3- अंशय कालरा | बसपा |
| 4- ओमनाथ | राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी |
| 5- खंजन | राष्ट्रीय आजाद पार्टी |
| 6- दरबारी उर्फ दरबारी लाल चौहान | जनता क्रांति पार्टी |
| 7- कु. पंचशीला आनंद | उप्र रिपब्लिकन पार्टी |
| 8- मुकेश कुमार | राष्ट्रीय विकल्प पार्टी |
| 9- संध्या जायसवाल | परिवर्तन समाज पार्टी |
| 10- नरेश सिंह भदौरिया | निर्दलीय |
| 11- सतेंद्र कुमार मौर्य | निर्दलीय |

### धौरहरा लोकसभा से वैध नामांकन

| | |
|---|---|
| 1- आनंद भदौरिया | सपा |
| 2- रेखा वर्मा | भाजपा |
| 3- श्याम किशोर अवस्थी | बसपा |
| 4- आशुतोष पाठक | आम जनता पार्टी (इंडिया) |
| 5- काशिम अली | पीस पार्टी |
| 6- जनार्दन प्रसाद | कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| 7- राजेश कुमार | पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी |
| 8-सकसेन | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| 9- सुदेश कुमार | लोकजन संघर्ष पार्टी |
| 10- नर सिंह | निर्दलीय |
| 11- राम नरेश | निर्दलीय |
| 12- विजय कुमार तिवारी | निर्दलीय |
| 13- समरेंद्र कुमार | निर्दलीय |

# किशोरी के चेहरे पर मनचले ने गोद दिया नाम, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **तीन दिन घर में बंद रखकर दीं यातनाएं, पुलिस कर रही मामले की जांच**
- **रिपोर्ट में चेहरे पर गोदने की जगह मारपीट से चोट लगने की बात दर्ज की**

**अमृत विचारः** थाना धौरहरा क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और चेहरे पर नाम गोद देने का मामला सामने आया है। बहरहाल पुलिस ने प्रेम प्रसंग का मामला बताया। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना धौरहरा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 19 अप्रैल की सुबह करीब 11:30 बजे उनकी बेटी परचून की दुकान से सामान लेकर आ रही थी। रास्ते से गांव का एक युवक उसे उठा ले गया और अपने घर में तीन दिन बंद करके शारीरिक यातनाएं दीं। इस दौरान वह बेटी की तलाश कर रही थी। तीसरे दिन शाम को आरोपी के चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची। बेटी ने बताया कि आरोपी ने उसके चेहरे पर लाइटर से लोहे की पतली छड़ गर्म कर अपना नाम लिखा है। परिजन किशोरी को लेकर थाना धौरहरा पहुंचे और नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को बेटी को लेकर परिवार वाले एएसपी से मिले। एएसपी पूर्वी पवन कुमार गौतम के आदेश पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में लड़की के चेहरे को गर्म रॉड से गोदने का जिक्र ही नहीं है। बल्कि मारपीट के दौरान चेहरे पर चोट लगने की बात कही गई है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। धौरहरा कस्बा इंचार्ज रामजीत यादव के अनुसार, जांच में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। दोनों ने एक दूसरे के चेहरे पर कुछ लिखा है। कोतवाली पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नहर में पर्याप्त पानी न आने से नहीं हो पा रही सिंचाई

**मितौली, अमृत विचार :** सिंचाई विभागीय के अधिकारियों की उदासीनता के चलते सीतापुर-रजबहा खंड द्वितीय में पानी पर्याप्त न होने के कारण नहर में लगे कुलाबो से पानी नहीं निकल पा रहा है। इससे किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। उनकी गन्ने की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है। नहर में कुलाबे ऊंचे पर लगे होने के कारण पानी ही नहीं निकलता है। जिसके कारण किसान गन्ने कीसिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि मात्र एक सप्ताह सीतापुर रजबहा खंड द्वितीय में पानी पर्याप्त छोड़ा गया था। लघु सीमांत किसानों में रोष है। किसानों ने नहर में पानी का संचालन मानक के अनुरूप कराए जाने की मांग की।

# अंशय को किसान मोर्चा का समर्थन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी सीट से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा को भारतीय किसान संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विंदर सिंह सिद्धू ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन दिया। शुक्रवार को धौरहरा लोकसभा सीट के केन्द्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मोर्चा अपनी नीतियां जन-जन तक पहुंचाएगा। साथ ही कहा कि जुल्म करने वालों की ज्यादा दिन सरकार नहीं चलती है।

बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने कहा कि उनके साथ सिख समाज खड़ा है। अन्य समाजों का भी समर्थन मिल रहा है। जनता भाजपा से परेशान है। बसपा ही विकल्प के रूप में सामने है। कहा कि 2021 में दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के साथ सरकार ने ऐसा बर्ताव किया जैसे वे आतंकवादी हैं। अंशय ने चुनावी मेनिफेस्टो में दस गारंटी दीं, जिसमें गरीब, मजदूर, किसान को एक महीने में गन्ना भुगतान, शिक्षा के सर्वोच्च डिजिटल फ्री प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा, गरीब असहाय लोगों को दो रुपये में भरपेट भोजन की सर्वजन रसोई खोलने की बात कही है। जिले में विकास पर तंज कसा कि निघासन के गांव सिंगहा कला में हुए भीषण अग्निकांड में पीड़ितों का हाल लेने गया। देखा कि पचपेड़ी घाट पर पुल नहीं है। कहा कि उनकी प्राथमिकता में पचपेड़ी घाट का पुल और हर चौराहे को शहर से जोड़ना है।



पत्रकारों से बात करते अंशय कालरा, साथ में संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विंदर सिंह सिद्धू।

- **बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने कहा, जुल्म करने वालों की ज्यादा दिन सरकार नहीं रहती**

# महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सीजीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया में विवि द्वारा स्नातक प्रथम एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश के लिए एलयूआरएन लखनऊ विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन रिजस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। प्रवेश संबंधी प्रास्पेक्टस/विवरणिका विक्रय के लिए मई के प्रथम सप्ताह से महाविद्यालय के काउंटर से संपर्क करें। एमए में प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग के लिए 45 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रवेशार्थियों के लिए 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक स्नातक में आवश्यक रूप से होने चाहिए। प्राचार्य ने बताया कि स्नातक-परास्नातक सम सेमेस्टर-2024 की परीक्षाएं 30 अप्रैल से तीन पालियों में प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षार्थी 27 अप्रैल से विवि की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हों।

# ब्लड प्रेशर मशीन खराब, नाराज होकर लौट गए कारागार मंत्री

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** केंद्र और प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में उम्दा स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कर रही है, जिसकी कलई गुरुवार को कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के सामने खुल गई। ब्लड प्रेशर मशीन खराब होने पर कारागार मंत्री नाराज होकर वापस चले गए।

हुआ यूं कि प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री और हरगांव विधायक सुरेश राही गुरुवार को लखीमपुर में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वापसी के दौरान ब्लड प्रेशर की दिक्कत होने पर सीएमओ को फोन कर वह जिला अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी ओपीडी में मौजूद स्टाफ ने सीएमएस कार्यालय खुलवाकर उन्हें बैठाया। इमरजेंसी से बीपी की मशीन मंगाई, लेकिन मशीन सही न मिलने पर वह नाराज होकर चले गए।

> कारागार मंत्री के आने की सूचना सीएमओ से मिली थी। दोपहर बाद विभागीय काम निपटाने के लिए पुराने जिला अस्पताल के कार्यालय आ गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर उनका काफिला वापस जाते हुए मिला। स्टाफ ने बताया कि बीपी मशीन में कुछ कमी थी। जब तक दूसरी लेने जाते तब तक कारागार मंत्री चले गए।
> -**डॉ.आरके कोली**, सीएमएस जिला अस्पताल

# तहसील में घूमकर वकीलों ने की नारेबाजी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** एसडीएम की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के वकीलों का विरोध प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने तहसील में भ्रमण कर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में बार कार्यालय पर हुई बैठक में कहा गया कि एसडीएम रत्नाकर मिश्र जनहित के कार्यों को निपटाने के बजाए अपने कार्यालय में तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ बैठकर बातें करते हैं, जिससे आम जनता, वादकारी और वकील परेशान होते हैं। एसडीएम की अनदेखी से तहसील में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। वकीलों ने 19 अप्रैल से हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। एक सप्ताह बीत जाने पर भी उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो सका है। इसके बाद तहसील में भ्रमण कर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घोषणा की है कि जब तक उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में नरेंद्र शुक्ला, आदर्श वर्मा, सत्यनारायन पांडे, अनवारुल हक, लालबिहारी वर्मा, आदर्श शुक्ला, विजयपाल वर्मा, सादाब आलम, खलील अहमद, इसराज खां आदि रहे।



तहसील में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते वकील। • अमृत विचार

- **एसडीएम की कार्यप्रणाली के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन जारी**



# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306


# सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं...

## चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर हुए खाटू श्याम के भजन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाकर कलाकारों राम श्याम ने संगीतमयी वाद्य यंत्रों पर कीर्तन कर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम के संकीर्तन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सेवादार सुखविंदर सिंह टोनी, श्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, आर्य समाज प्रतिनिधि सभा प्रांत पदाधिकारी श्रवण माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री गुरुद्वारा समिति के प्रधान ज्ञानी गुरमुख सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर आरंभ किया। बरेली के भजन गायक राम श्याम बन्धु ने बाबा तेरी फुल कृपा है, दे दो दरश सांवरे से शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने हम श्याम के दीवाने तू खाटू हम हैं दीवाने तेरे नाम के। क्यो घबराऊं मैं मेरा तो श्याम से नाता है। काली कमली बाला मेरा यार है। सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी। सखि सपने में एक अनोखी बात हो गई। सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं गाकर ऐसा रंग जमाया कि दर्शक दीर्घा में बैठे लोग देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगर अध्यक्ष विनोद मिश्रा, विजय मिश्रा, संजीव गुप्ता, आदर्श सोनी, श्री श्याम दिवाने सेवा समिति के संरक्षक अनिल जलोटा, महामंत्री अजय गुप्ता, मयंक माहेश्वरी, देवेश राठौर, सभासद इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, रियाजुद्दीन, रज्जन खान, सुरेन्द्र वर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



गीत गाते श्याम प्रेमी कलाकार। ● अमृत विचार

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर संजोली पांडेय और उनके कलाकारों का भोजपुरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से।



चैती मेले में भजन सुनने पहुंचे बड़ी संख्या में श्रोता। ● अमृत विचार


प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# डांगा में लगी आग से 24 घर जलकर राख

संवाददाता, सिंगाही

- गांव में मची अफरा-तफरी, गृहस्थी जलती देख रो-पड़े अग्नि पीड़ित
- फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचारः** कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। इससे 24 घर जलकर राख के ढेर में बदल गए। सूचना पर पहुंचे एसएसबी जवानों और दमकल की तीन गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निकांड में घरों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

ग्रामीण बताते हैं कि दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन जंगल में आग धधक रही थी। तेज हवाएं चलने के कारण आग खेतों से होते हुए गांव तक पहुंच गई। ग्रामीण जब तक आग बुझाते। तब तक हवा तेज चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। अग्नि पीड़ित घरों से कोई सामान नहीं निकाल पाए। लपटों के सामने बेबस पीड़ित आंखों के सामने गृहस्थी और खून पसीने से बनाए गए आशियाने को जलते देखते रहे। आग लगने की खबर पर एसएसबी रघुनगर व डांगा चौकी के जवान, फायर ब्रिगेड की तीन गाडियों के साथ पुलिस पहुंची। फायर बिग्रेड ने एसएसबी जवानों और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से अल्ताफ रजा, रियाज, मेहदी हसन, असलम, बुनियाद तजम्मुल, राकेश विश्वकर्मा, मनोज कुमार सहित लगभग 24 लोगों के घर जल गए। उनमें रखा अनाज, कपड़ा आदि सामान भी जलकर नष्ट हो गया। एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीमचंद, एसएसबी कंपनी कमांडर रघु नगर संजय कुमार व डांगा कमांडर रौनक त्यागी, कोतवाल मनोज कुमार आदि ने पीड़ितों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### भाभी-ननद के गांव पहुंचे शव तो बिलख पड़ा परिवार



**सिंगाही।** थाना सिंगाही के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में जिंदा जली भाभी-ननद के शव शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचे तो परिवार में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पर पहुंच गए। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम सिंगहा कलां में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते भागीरथ के घर में आग लग गई थी। हवा तेज चलने के कारण आग ने 29 घरों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस अग्निकांड में भागीरथ की पत्नी रामगुनी और बहन संगीता की जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि परिवार के ही बांके और सहजराम गंभीर रूप से झुलस गए थे। बांके का ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार चल रहा है। शुक्रवार को दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे। शव आते ही घर में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग पीड़ित के घर पर पहुंच गए। लोग बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधा रहे थे। परिवार वालों ने दोनों शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में नेहा को मिली सातवीं रैंक

**संसारपुर।** बांकेगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय असौवा के दो और सौखिया के पांच बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित हुए हैं। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंखिया की नेहा देवी पुत्री मनोज कुमार ने सातवीं रैंक हासिल की। मोहम्मद अयान पुत्र पेश मोहम्मद 8वीं, मोहम्मद रुसलान पुत्र कुतुबुद्दीन ने 19वीं, मुस्कान पुत्री निर्मल कुमार ने 31 और कामरान पुत्र मोहम्मद गुलफाम ने 40वीं रैंक हासिल की है। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय असौवा की प्रतिज्ञा पुत्री रामकिशोर की रैंक 20 एवं अंजली देवी पुत्री धर्मेंद्र कुमार की रैंक 36 रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय असौवा के प्रधानाध्यापक कुतुबुद्दीन सहित शिक्षक संदीप भारद्वाज, रंजीश कुमार, कुलदीप कुमार, दीप्ति मिश्रा, अचल पटेल, अरविंद कुमार व शिक्षामित्र नीतू गंगवार सहित उच्च प्राथमिक विद्यालय सौखिया के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, अनुदेशक कौशल किशोर, प्रतिभा कश्यप, प्रेमलता वर्मा आदि ने छात्रवृत्ति योजना में चयनित बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



छात्रवृत्ति योजना में चयनित बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाध्यापक।


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ

धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज

दिनांकः 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक

यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।

- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना




- धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर




डॉ. राहुल कुमार
B.A.M.S., M.S. (Ayu)
DSRRAU JODHPUR
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच.,बरेली

निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट

डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR),
M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली

शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309

परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309


# एसपी ने क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** जिले में सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। शुक्रवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना खीरी पहुंचे। उन्होंने चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं परखीं।

जिले में चौथे चरण में दो सीटों खीरी और धौरहरा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा शुक्रवार को थाना खीरी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पानी, छाया, शौचालय, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती आदि को लेकर जानकारी ली। आसपास के आने-जाने वाले मार्गों को भी देखा। उन्होंने एसओ खीरी अजीत कुमार को स्थानीय लोगों के संपर्क में रहकर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए की जा रही पुलिस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर लें। पूर्व घटनाओं में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करें। पुलिस की मदद करने वालों की एक सूची बनाई जाए। उनसे लगातार संपर्क में रहकर सूचनाए संकलित करते रहें। सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने बोटिंग कर झूलों का लिया खूब आनंद



**पलिया कलां।** विवेकानंद एकेडमी भीरा की छोटी कक्षाओं के तमाम विद्यार्थी पूल पार्टी के लिए शुक्रवार को पलिया के एक फार्म पर आये। विद्यार्थियों ने अपने कक्षाध्यापकों के साथ पहुंच कर स्लाइड, शीशा, स्प्रिंग राइडर आदि झूलों और बोटिंग आदि का खूब आनंद लिया। इसके साथ ही मनपसंद स्वादिष्ट चीजें भी खाईं। पूल पार्टी में मौज- मस्ती की। बच्चे शिक्षकों के साथ काफी खुश नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक अमनदीप सिंह, प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर व उप- प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी बच्चों को पूल पार्टी में भेजने से पूर्व शुभकामनाएं दीं। वहीं वापस आने पर उनके टूर के बारे में हाल-चाल भी जाना।

### वेशभूषा प्रतियोगिता के विजेता बने रिद्धि, वरदायिनी व स्वर्णिम



**लखीमपुर खीरी।** सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में शुक्रवार को वेशभूषा प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यालय के तमाम बच्चों ने हिस्सा लिया। निर्णायक राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका मुद्रिका मिश्रा एवं सोनी ने वेशभूषा का निरीक्षण कर नर्सरी की सिद्धि गुप्ता को प्रथम, नव्या रस्तोगी को द्वितीय, आस्था को तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रज्ञान सक्सेना का चयन किया। वहीं एलकेजी में प्रथम वरदायिनी अग्निहोत्री, द्वितीय कुनाल सिंह व तृतीय सानवी और सांत्वना पुरस्कार के विजेता अथर्व शुक्ला व दिव्यांशी रहीं। यूकेजी में स्वर्णिम बाजपेई प्रथम, जयंत श्रीवास्तव द्वितीय, शानवी रस्तोगी तृतीय और अस्मिता सक्सेना सांत्वना पुरस्कार विजेता चुनी गई। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन रजनी कपूर ने किया।

### रंगोली बनाकर, स्लोगन लिखकर मतदान के लिए किया जागरूक



**गोला गोकर्णनाथ।** पब्लिक इंटर कॉलेज में ईएलसी क्लब प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने स्लोगन, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए मतदान के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने लोकगीत के माध्यम से मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि मतदान करना हमारा आवश्यक कर्तव्य है। प्रवक्ता विश्वमोहन जीत ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। दिनेश कुमार राज, रमेशचंद्र, दिनेश तिवारी, मनोज तिवारी सहित तमाम अध्यापक मौजूद रहे।




# घर के बाहर छुपे तेंदुए ने किया हमला, तीन लोग घायल

## हमले के बाद तेंदुआ देख घर से निकल भागे सभी लोग, नौ घंटे चला रेस्क्यू, ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में किया बंद, ग्रामीणों को किया सतर्क

निघासन/लुधौरी

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर शुक्रवार की सुबह आबादी में पहुंचे तेंदुए ने घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। शोर होने पर तेंदुआ पड़ोस में टिनशेड के नीचे भरे भूसे में जाकर बैठ गया। इससे घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। तेंदुआ देख लोग घरों से भाग निकले। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीमों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए मशक्कत शुरू की। करीब नौ घंटे के बाद टीम उसे पिंजरे में कैद कर सकी।

लुधौरी वन रेंज के गोविंदपुर फार्म निवासी सरजीत सिंह (32), बलविंदर सिंह (50) व बलदेव सिंह (60) अपने फार्म पर घर के आंगन में एक साथ बैठे थे। सरजीत सिंह ने बताया कि उस वक्त महिला व बच्चे आंगन में नहीं थे। सुबह करीब सात बजे अचानक छिपा बैठा तेंदुआ घर के अंदर आ गया और हमला कर तीनों लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे घर में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे आदि लेकर एकत्र हो गए। ग्रामीणों के शोर करने पर तेंदुआ घर के अंदर टिनशेड में भरे भूसे में जाकर बैठ गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लुधौरी वन रेंज को दी और तीनों घायलों को आनन-फानन में सीएचसी निघासन पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना की सूचना के करीब दो घंटे बाद लुधौरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर से पहुंची टीम को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने रेंजर और वन कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई। रेंजर ने आला अधिकारियों को सूचना दी। इस पर एफडी ललित वर्मा, एसडीओ मनोज तिवारी, डीएफओ सर्वेश सहाय, एसडीएम अश्वनी सिंह, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही, सीओ प्रवीण यादव, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्र मझगई के वन क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार, बेलरायां रेंजर भी मौके पर पहुंच गए। कतर्नियाघाट (बहराइच) से तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने के लिए डॉक्टरों की टीम व पिंजरा मंगाया गया। करीब नौ घंटे तक चली जद्दोजहद के बाद शाम करीब छह बजे टीम उसे टेंक्लाइज कर सकी और पिंजरे में कैद किया। डीएफओ सर्वेश सहाय ने गांव वालों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सतर्क रहें। समूह में खेतों की ओर जाएं।


पिंजरे में बंद किया गया तेंदुआ।


घर में बैठे तेंदुए की निगरानी करते वनाधिकारी। • अमृत विचार


जाल लगाकर तेंदुए को देखते वनकर्मी। • अमृत विचार

### टिनशेड को जाल से घेरकर किया रेस्क्यू

सुबह वन विभाग की हीलाहवाली से नाराज ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर भड़ास निकाली। टिन शेड को जाल बिछाकर टीमों ने पहले घेर लिया। उसके बाद उसे पकड़ने का रेस्क्यू किया गया। 20 मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर ट्राली में पिंजड़ा रखा गया। बेहोशी का इंजेक्शन लगने के आधे घंटे बाद तेंदुआ बेसुध हो गया। दीवार में बने छेद में लाठी डालकर टीम ने पहले तेंदुआ को हिलाया। जब उसने कोई हरकत नहीं की। तब डॉक्टरों ने तेंदुए की हालत देखकर पतले पाइप से टिन शेड के भीतर पानी पहुंचाया। तब जाल को हटाकर उसे बाहर लाया गया और फिर दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी लेकर गए। डीएफओ सर्वेश सहाय ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को दुधवा नेशनल पार्क में छोड़ा जाएगा।


घायल सरजीत सिंह।


घायल बलदेव सिंह।


घायल बलविंदर सिंह।


इसी भूसा भरे कमरे में बैठा रहा तेंदुआ। • अमृत विचार

### गुस्साए तेंदुआ ने ट्रेंकुलाइजर गन को मुंह से दबाया

चारों तरफ से घिरे तेंदुआ को काबू करने के लिए डॉक्टर की टीम ने बेहोशी का इंजेक्शन देने की कोशिश की। दीवार के एक छोटे से छेद में ट्रेंकुलाइजर गन को डालकर तेंदुए की तरफ एक्सपर्ट ने निशाना साधा। इसी बीच तेंदुए ने हमला बोल दिया और गन को मुंह से दबाकर अंदर की तरफ खींचने लगा। कई कर्मचारी गन को मुंह से छुड़ाने में जुटे रहे। पंजों से दीवार को खुरचते देख डॉक्टर गन छोड़ दूर खड़े हो गए। थोड़ी देर बाद तेंदुए का गुस्सा शांत हुआ तब कर्मचारियों ने ट्रैंकलाइजर गन बाहर निकाली। एक घंटे बाद दोबारा ट्रेंकुलाइजर गन से बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया। तब जाकर तेंदुआ काबू में आया और उसे पकड़ने में सफलता मिल सकी।

### दो साल से फार्म में चहलकदमी कर रहा था तेंदुआ

नौ घंटे कड़ी मशक्कत के बाद कैद किया गया तेंदुआ पिछले दो साल से वहीं घूमते हुए देखा जा रहा था जिस कारण लोग काफी भयभीत रहते थे शाम होते ही अपने अपने घरों में कैद हो जाते थे। यहां तक खेत पर जाने कतराते थे। इतना ही नहीं दर्जनों मवेशियों के साथ पालतू कुत्तों को भी तेंदुओ अपना शिकार बना चुका था। दो तीन पहले पैदल जा रही नंदा पुरवा की एक महिला पर तेंदुआ हमला करने का प्रयास किया उसकी साड़ी ही खींच पाया था शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग गया तब जाकर महिला की जान बची।

# शादी में शामिल होने आई बहराइच की महिला से जेवर-नगदी लूटे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर गुरुवार देर रात की घटना

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात बदमाशों ने एक महिला को रोक लिया और नगदी-जेवर लूटकर भाग निकले। महिला बहराइच से एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

बहराइच जिले के थाना मोतीपुर के जालिम नगर निवासी अरुण कुमार की पत्नी सुमन देवी गुरुवार की देर शाम सदर कोतवाली के गांव पनगी खुर्द में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आई थी। पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र में रवहीं पुल और पनगी खुर्द के निकट बदमाशों ने उसे रोक लिया और तीन हजार रुपये व जेवर लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे रामापुर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली और बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित महिला ने अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहते हुए फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि घटनास्थल थाना खीरी की नकहा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक सहित नहर में गिरा युवक, मौत

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** गुरुवार की रात विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे युवक की बाइक असंतुलित होकर बड़ी नहर में गिर गई, जिससे युवक की मौत हो गई, जिसका शव शुक्रवार सुबह नहर से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।


मृतक अजय कुमार।

कोतवाली गोला के अंतर्गत मूड़ा सवारान में एक युवक का शव शुक्रवार सुबह नहर में दिखाई दिया। नहर में शव देखकर लोगो में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों का तांता लग गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और बाइक के कागज व आधार कार्ड से मृतक युवक की पहचान हुई।


घटनास्थल पर बड़ी संख्या में एकत्र लोग। • अमृत विचार

सूचना मिलने पर पहुंचे परिवार वालों ने मृतक की पहचान अजय कुमार (28) पुत्र सुरेश कश्यप निवासी निरालानगर, तहसील पलिया के रूप में की। बताया कि अजय मूड़ा सवारान क्षेत्र के गांव तिनावा में हरिश्चंद्र कश्यप के यहां विवाह समारोह में शामिल होने आया था। वहां से रात दो बजे वापस अपने घर पलिया बाइक से अकेले जा रहा था। मूड़ा सवारान के पास मोड पर बाइक अनियंत्रित होकर आठ फुट गहरी नहर में जा गिरी जिससे उसकी नहर में डूबकर मौत हो गई।

> सूचना मिलने पर जब पहुंचे थे तो शव बाइक के नीचे दबा हुआ था। परिजनों को सूचित कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।
> –**हेमंत कटियार**, प्रभारी-पुलिस चौकी मूड़ा सवारान।

पुलिस चौकी मूड़ा सवारान प्रभारी हेमंत कटियार एवं अलीगंज चौकी प्रभारी दिनेश पाठक ने शव को नहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस का अनुमान है कि युवक मोड़ पर बाइक से संतुलन खो बैठा और सीधे नहर में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल

**पसगवां।** उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौरा निवासी विनोद कुमार (46) पुत्र तेजराम पसगवां से डीजल लेकर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। एक बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विनोद को सीएचसी से शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

**एफ.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग-7**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**

वाद संख्या 4423 सन् 2023 वादी छोटेपाल बनाम फत्तेह सिंह आदि प्रतिवादी (1) फत्तेह सिंह पुत्र पुत्र लीर्वर सिंह (2) सामा पुत्र बच्चू सिंह निवासीगण ग्राम रामपुर ग्रंट परगना पसगवां तह. मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी चूंकि उपरोक्त नामांकित में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 5.4 दिवस 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 24.04.2024 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायाधीश**

# बहू ने भाइयों की मदद से हड़पे सात लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• ससुर ने पुत्रवधू पर बेटे की हत्या की साजिश का लगाया आरोप

• आरोपी बहू, उसके दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** पीलीभीत जिले के गांव टांडा गुलाब राय निवासी सूरता सिंह ने अपने बेटे की पत्नी और उसके दो भाईयों पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव टांडा गुलाब राय निवासी सूरता सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके बेटे कुलविंदर सिंह की शादी वर्ष 2011 में थाना फूलबेहड़ के गांव पूजा निवासी गुरदेव सिंह की पुत्री दविंदर कौर से हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद ससुराल के लोग उन पर बेटे को अलग रखने और जमीन बेच कर पूजा गांव में मकान बनवाकर देने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने उनकी बात नहीं मानी तो उनके बेटे को बहला फुसला कर अपने घर पूजा गांव ले आए। उसके कुछ दिनों बाद पुत्र वधू दविंदर कौर अपने भाई दलजिन्दर सिंह व पपिन्दर सिंह के साथ ससुराल आई और घर पर रखे गेहूं कटाई के 7 लाख रुपये, 100 ग्राम सोना व एक अल्टो गाड़ी ले गई। अल्टो गाड़ी भी इन लोगों ने अपने चाचा के नाम ट्रांसफर करवा ली। फिर आरोपी उस पर जमीन बेचने का दबाव बनाने लगे। जब जमीन बेचने से मना कर दिया तो उसके बेटे कुलविन्दर सिंह की जमीन का 25 लाख रुपये में सौदा करा दिया और इकरारनामा कर 4 लाख रुपये बयाने के तौर पर ले लिये। कुलविंदर के सालों ने अपनी बहन के खाते में रुपये जबरदस्ती डलवा दिए। उनका कहना है कि आरोपी 25 लाख रुपये मिलने पर उसके पुत्र को मारने की योजना बना रहे थे। इसकी जानकारी जब कुलविन्दर सिंह को हुई को उसने 11 मार्च को फोन पर पिता से बात की और बताया कि आरोपी उसे जान से मारने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर वह लखीमपुर पहुंचे और कुलविंदर को गांव के बाहर से लेकर अपने घर वापस आए। कुलविन्दर की तबियत ठीक नहीं थी। उसका पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया। पुत्र ने परिवार वालों को बताया कि ससुराल के लोग उसके साथ मारपीट करते थे। जमीन बेचने के लिये दबाव बनाते थे और कई दिन तक कुछ खाने को भी नहीं देते थे। थाना फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक आलोकर धीमान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक फिसलने से चालक गंभीर घायल

**पलिया कलां।** रिश्तेदारी से घर लौट रहे युवक की बाइक सड़क जर्जर होने के कारणफिसल कर पलट गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पलिया थाना क्षेत्र के गांव विष्णुपुर निवासी कन्हैया लाल पुत्र मंसाराम अपने किसी रिश्तेदार के घर बाइक से ग्राम पंचायत बिजौरिया के मजरा राजा टॉपर गया हुआ था। जहां से वापस आते समय रास्ते में उसकी बाइक फिसल गई और वह दूर तक घिसटता चला गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उसे लेकर सीएचसी पहुंची, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।




# युवक को पीटकर किया अधमरा मरणासन्न हालत में छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• शादी समारोह से बाइक से घर आ रहा था युवक, परिजनों ने बेहोशी की हालत में सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र में तिलक समारोह में शामिल होकर देर रात घर वापस जा रहे एक युवक की चार युवकों ने बाइक रोक ली और उसे तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने खून से लथपथ युवक को बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती कराया है।

गांव बबुरी मजरा मूड़ाबुजुर्ग निवासी मंजू देवी ने बताया कि उनका पुत्र सुनील गांव निषाद नगर में तिलक समारोह में शामिल होने गया था। गुरुवार की रात करीब 11.30 बजे वह अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था। गांव महाराज नगर के पास प्रतापगढ़ निवासी विकास, उसके भाई सुभाष, दीपक और गोलू ने सुनील की बाइक रोक ली और बेवजह गाली गलौज करने लगे। सुनील ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पकड़ कर बाइक से नीचे गिरा दिया। लाठी डंडो व फावड़ा के उसे तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। सिर में गंभीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। उसे मृत समझ कर आरोपी एक तरफ खींच कर डाल दिया और भाग निकले। सूचना मिलने पर वह परिवार के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंची तो देखा सुनील खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा था। इससे परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे और भर्ती कराया। महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाना निघासन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालयों अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश PAHAL JOHARI अंकित हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम PAHAL JOHRI है। भविष्य में मेरी पुत्री को PAHAL JOHRI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अंशुल जौहरी पुत्र कृष्ण बिहारी निवासी मो. खकरा पीलीभीत।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1038159 का प्रमाण पत्र जोकि श्री एस.आर. आदर्श इण्टर कॉलेज, अब्दुल्लागंज, बदायूँ से जारी किया गया था वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **आमिर कुरैशी पुत्र मो. इकबाल कुरैशी निवासी बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

# कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा
# मिटी दिलों की दूरी



**पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

### असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दरांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

### त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

### असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35 .40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36 .05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35 .44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

### किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**36.05 %**
2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

**35.44 %**
वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

**7.8 %**
वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को



किरन रिजिजू।



गौरव गोगोई।



अगाथा संगमा।

**25**
पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

**19**
एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

### कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

### मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

### मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

### सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिक्किम में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा हैं महतपूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।



## हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार



राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।



वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दरांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।



युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

## दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

**पटना।** पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

## लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व




यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

बिलासपुर संसदीय सीट | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

# बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से



अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।


### आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज


- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।


### आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।










### फतेहपुर सीकरी 2019 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजकुमार चाहर | 6,67,147 |
| कांग्रेस | राज बब्बर | 1,72,082 |
| बसपा | श्रीभगवान शर्मा | 1,68,043 |


**10** प्रत्याशी इस बार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं



## फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट

# यहां जीत का मंत्र वोट बैंक बुलंद

- पिछली बार करीब पांच लाख वोटों से जीतने वाले भाजपा सांसद के सामने इस बार सजातीय मतों और समर्थकों को साधने की कठिन चुनौती
- बसपा ने ब्राह्मण और कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारकर मुकाबला बनाया रोचक, भाजपा विधायक के पुत्र ने बागी के रूप में ठोंकी रखी है ताल



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** फतेहपुर सीकरी का नाम आते ही बुलंद दरवाजा याद आता है। 2008 में हुए परिसीमन के बाद आगरा से निकल कर बना फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल है। यहां स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती का मकबरा और जोधा बाई के महल को देखने हर रोज देश -दुनिया से तमाम सैलानी आते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की जीत भी बुलंद दरवाजे जैसी ही बड़ी थी। वह 4.95 लाख वोटों से जीते थे। इससे पहले 2009 में यहां हुए पहले चुनाव में जाटव और मुस्लिम मतों के साथ ब्राह्मण मतदाताओं का समीकरण बनकर बसपा की सीमा उपाध्याय सांसद बनी थीं। उनके मुकाबले में उतरे सिने स्टार रहे कांग्रेस प्रत्याशी को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि राजबब्बर बहुत कम वोटों से हारे थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने सासंद राजकुमार चाहर पर ही फिर से भरोसा जताया है। बसपा ने एक बार फिर 2009 वाला दांव चला है। पार्टी ने जीत का आजमाया फार्मूला दोहराते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा को मैदान में उतारा है। ऐसे में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता बाहुल्य मानी जाने वाली इस सीट पर कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी के रूप में रामनाथ सिकरवार को उतारकर यहां लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा से जाट, बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी के बीच जातीय समीकरणों के हिसाब से गोलबंदी और सेंधमारी की कोशिशें तेज हो गई हैं।

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर अभी तक दो बार ही लोकसभा चुनाव वर्ष 2009 और 2014 में हुए हैं। इनमें पहली बार बहुजन समाज पार्टी और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी थी। लेकिन पिछली बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले भाजपा सांसद और किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती अपने जाट समुदाय को ही एकजुट रखने की आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनके खिलाफ जाट समुदाय के ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने पहले मोर्चा खोला फिर भाजपा विद्रोही के रूप में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करा दिया। पहले माना जा रहा था कि आखिरी वक्त तक रामेश्वर का नामांकन वापस करा लिया जाएगा लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिल पाई तो भाजपा के बड़े नेताओं का दबाव पड़ा। बताते हैं चौधरी बाबूलाल को नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। अब कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के बाद विधायक और उनके पुत्र को मना लिया गया है। अब इस बगावत और मान-मन्नौवल में बात कितनी बनी है, इसका पता तो अगले दो-तीन दिन में चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा प्रत्याशी के चुनावी अभियान में ऐसा डेंट लग गया है, जिससे फतेहपुर सीकरी का चुनावी संग्राम रोचक हो गया है।

### मतदाताओं का अनुमानित जातीय आंकड़ा

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 2.90 लाख |
| जाट | 2.40 लाख |
| क्षत्रिय | 2.95 लाख |
| जाटव | 2.0 लाख |
| लोधी | 1.40 लाख |
| मुस्लिम | 85 हजार |
| वैश्य | 90 हजार |
| निषाद | 1.20 लाख |
| कुशवाहा | 1.15 लाख |

### जीत के जातीय समीकरण में सेंधमारी बचाने के लिए चाहर बहा रहे पसीना

पहले बारतीय जनता पार्टी के लिए आसान मानी जा रही फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट तेजी से बदले हालात में कड़ी टक्कर में फंसने की तरफ मुड़ गई है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि अगर बाजपा के पाले से जाट समुदाय के थोड़े भी वोट कटते हैं, तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि राजकुमार चाहर के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि जाट मतदाता बंटेंगे, इसे लेकर तमाम लोगों को संदेह है, क्योंकि बिरादरी के लोग सांसद की कार्य शैली से नाराज भले हों पर मोदी और योगी के नाम पर और इस बार रालोद का साथ होने से भाजपा को ही वोट देने की बात कहते नजर आते हैं। लेकिन बातचीत में कहते हैं कि भाजपा को जाटों के बाद ब्राह्मणों और क्षत्रियों के साथ वैश्यों का वोट बहुतायत में मिलता है। इस बार बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी होने से मौजूदा सांसद चाहर को पसीना बहाना पड़ रहा है।

## अदावत भले नई नजर आए पर बात पुरानी है...

भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल की अदावत करीब 10 साल पुरानी है। जानकारों का कहना है कि इसकी नींव 2014 के लोकसभा चुनाव में पड़ी थी। चौधरी बाबूलाल भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका आरोप है कि उस समय राजकुमार चाहर ने उनके विरोध में कागारौल में पंचायत की थी। लेकिन इसके बाद भी वे सांसद बने थे। बाद में यह अदावत तब और सुलग उठी जब 2019 में चौधरी बाबूलाल की जगह पार्टी ने राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बना दिया। बाबूलाल इसीलिए कहते रहे हैं कि उनका विरोध प्रत्याशी से है। राजकुमार चाहर के अलावा किसी भी समाज के प्रत्याशी के लिए वे तन, मन और धन से समर्थन करेंगे। उनका विरोध पार्टी से नहीं, सिर्फ प्रत्याशी राजकुमार चाहर से है। पार्टी यहां किसी दूसरे को उतारेगी तो वे और उनका बेटा विरोध नहीं करेंगे।



- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार 2022 में विधानसभा का चुनाव खेरागढ़ से लड़ चुके हैं। सिकरवार की छवि और छाप लोगों में ठीक है। क्षत्रिय समाज में उनकी लोकप्रियता बेहतर है। उधर, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा फतेहपुर सीकरी के उदैरा गांव के रहने वाले हैं। वह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विपक्ष के दोनों प्रत्याशी जातिगत आंकड़ों में भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी जाट समुदाय से संख्या में भारी नजर आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने क्षेत्र में ताकत झोंक रखी है।



- 2019 की ही तरह 2014 के चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। चौधरी बाबूलाल चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने बसपा की सांसद सीमा उपाध्याय को करीब पौने दो लाख मतों से शिकस्त दी थी। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रहे अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे थे। सपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था।

### ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य का तमगा पर जाट मतदाता लिखते जीत की पटकथा

- इस सीट को ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण और इतने ही क्षत्रिय मतदाता होने का अनुमान है। जाट मतदाता ढाई लाख के आसपास बताए जाते हैं। इसके बाद दलित समाज में जाटब विरादरी का दो लाख तक वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा परंपरागत रूप से बसपा के साथ रहता है। लोधी मतदाता 1.40 लाख तो मुस्लिम मतदाता 85 हजार माना जाता है। जाट समुदाय का वोट लोग यहां निर्णायक मानते हैं।

# जालौन-गरौठा : यहां 1984 से बंद पड़ा कांग्रेस का खाता

अदी शेख पुखरायां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है, लेकिन कभी यह सीट कांग्रेस की मानी जाती थी। इस सीट पर कांग्रेस की उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक हुए 16 लोकसभा चुनावों में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है। लेकिन 1984 के बाद कभी इस सीट पर कांग्रेस का खाता नहीं खुल सका है। इस बार जालौन-गरौठा सीट से भाजपा ने मोदी सरकार में मंत्री और पांच बार के सांसद भानू प्रताप वर्मा को ही उतारा है। बसपा ने सुरेश चंद्र को मैदान में उतारा है। वह बसपा बुंदेलखंड के प्रभारी रह चुके हैं। सपा से नारायण दास अहिरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आजादी के बाद यहां सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। जिसमें कांग्रेस के लोटनराम पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। हैट्रिक लगाते हुए चैधरी रामसेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा और पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर हार मिली। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर लड़े रामचरण यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और दोनों बार यहां से कांग्रेस के नाथूराम व लच्छीराम ने चुनाव जीता।1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की।फिर इस सीट पर दोबारा कभी कांग्रेस ने वापसी नहीं की। हालांकि 1991 के चुनाव में जनता दल से भाजपा ने यह सीट छीन ली और बीजेपी के गया प्रसाद कोरी सांसद बने।1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा ही जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक पूरी नहीं करने दी लेकिन साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते, लेकिन 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सिंह सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2,87,202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भानू प्रताप वर्मा ने एक बार फिर इस सीट पर विजय हासिल की।

# कांग्रेसियों की चुप्पी को मुफीद मान रही भाजपा

## फर्रुखाबाद सीट

- बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय और सपा से डॉ. नवल किशोर मैदान में
- भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे हैं मुकेश राजपूत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद या उनके परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी सपा के हिस्से में यह सीट आई है। पार्टी ने यहां से डॉ. नवल किशोर को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय पर विश्वास जताया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत जहां हैट्रिक लगाने के लिए कसरत कर रहे हैं तो सपा- बसपा उनकी जीत रोकने के लिए चक्रव्यूह भेदने में जुटी हुई हैं। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की चुप्पी को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है।

भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1996 में कब्जा किया था। राम मंदिर लहर में साक्षी महाराज जीते थे। 1998 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में यह सीट भाजपा नहीं जीत पायी। मोदी लहर में 2014 में भाजपा के खाते में यह सीट गई तो 2019 में भी मुकेश राजपूत लगातार दूसरी बार जीते। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा का पलड़ा इस सीट पर भारी है। पार्टी ने चार विधानसभा जीतीं हैं तो उसकी सहयोगी अपना दल के हिस्से में एक सीट आई थी। अब भाजपा पिछले चुनावों का न सिर्फ जीत की हैट्रिक बनाना चाहती है बल्कि उसकी कोशिश है कि जीत का अंतर भी बड़ा हो।

## हमने चुना सांसद



मतदान का फैसला तो चार जून को आएगा, लेकिन बुलंदशहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बाहर निकली महिलाओं और युवाओं ने कुछ इस अंदाज में उत्साह का प्रदर्शन किया मानो उन्होंने मतदान का अधिकार जीत लिया।



रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पत्नी चारु चौधरी के साथ मथुरा में किया मतदान।



मथुरा में साधु- संतों ने भी मतदान किया। अमृत विचार

## इटावा लोकसभा क्षेत्र

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा इटावा लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार कर चुकी है जीत दर्ज

# मुलायम के घर में दिलचस्प हुई भाजपा की हैट्रिक रोकने की लड़ाई

**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का गृह जिला होने के चलते इटावा के नतीजों को सैफई परिवार की साख से जोड़ा जाता है। इस बार भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को ही मैदान में उतारा है। सपा ने जितेंद्र दोहरे को सीट वापस लाने और भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी दी है। बसपा ने हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह को टिकट देकर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा ने यहां लगातार तीन बार जीत दर्ज की। हालांकि 2014 में भाजपा ने सपा के जीत का सिलसिला तोड़ा और 2019 में भी जीत का सिलसिला कायम रखा। बसपा यहां केवल 1991 में तब जीती थी, जब उसके संस्थापक कांशीराम उम्मीदवार थे। इस चुनाव में मुलायम ने भी उनका साथ दिया था।



### भाजपा लगा रही पूरा जोर

भाजपा इटावा सीट पर कमल खिलाने के लिएपूरा जोर लगा रही है। सैफई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा के बाद इटावा में 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में पहले ही सभा कर चुके हैं। इटावा में अनुमानित जातिगत आंकड़ों की बात करें तो दलित वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके अलावा यादव, लोधी और शाक्य वोटर भी चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं। यहां दलित वोटर करीब 4 .50 लाख, ब्राह्मण वोटर 2 लाख 50 हजार, यादव मतदाता 2 लाख 25 हजार, लोधी 1 लाख 20 हजार, शाक्य 1 लाख 25 हजार, पाल बघेल 1 लाख 10 हजार, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है।

**भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने निर्दलीय उतरकर चर्चाओं को दिया जन्म :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के खिलाफ उनकी पत्नी मृदुला कठेरिया ने नामांकन करा दिया है। मृदुला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। उनका कहना है कि इस बार नामांकन वापस लेने के लिए पर्चा नहीं भरा है। पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मृदुला कठेरिया ने कहा कि जनतंत्र, प्रजातंत्र और लोकतंत्र में सभी लोग स्वतंत्र हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मृदुला ने निर्दलीय नामांकन किया था, लेकिन उस समय उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया आगरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर हैं। वह आगरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें इटावा से चुनावी मैदान में उतारा और रामशंकर तीसरी बार सांसद बने थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 65 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

दलित उपजाति धानुक समुदाय से आने वाले राम शंकर कठेरिया को 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

**18 लाख से ज्यादा मतदाताओं में 25 हजार पहली बार देंगे वोट:** इटावा लोकसभा में कुल 18 लाख 23 हजार 732 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 81 हजार 602 पुरुष मतदाता और 8 लाख 42 हजार 97 महिला मतदाता हैं। नए मतदाता जो पहली बार वोट डालेंगे, उनकी संख्या 25 हजार 367 है। 14 हजार 763 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 14 हजार 808 वरिष्ठ मतदाता हैं।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी–गरमी, अमीरी–गरीबी, प्रेम–घृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।


## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612–1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रम्ह तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रम्ह का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है,



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

–फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

# हाईकोर्ट से सांसद संघमित्रा मौर्य को नहीं मिल सकी कोई राहत

## वादी ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी का लगाया है आरोप

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य को राहत देने से इंकार कर दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्य को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की भी याचिका खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्य की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्य समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली। बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

### संघमित्रा ने दी दलील



उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए, संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है जिन पर ध्यान देते हुए, निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

# फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार



**लखनऊ, अमृत विचार :** फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# इंटर में प्रथम आई छात्रा ने छेड़खानी से आहत होकर खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कोचिंग और स्कूल आते-जाते समय छेड़ता था युवक
- शिकायत करने पर परिजनों के साथ अभद्रता की गई

**अमृत विचार।** इंटर में प्रथम डिवीजन आई छात्रा ने आए दिन छेड़खानी से आहत होकर घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता ने कोतवाली महोबा में छात्रा को प्रताड़ित करने वाले युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

शहर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा (17) ने इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। बेटी की इस कामयाबी से परिवार के लोग खासा खुश थे, लेकिन यह खुशियां ज्यादा दिन तक ठहर नहीं सकी। शहर के मोहल्ला इमलीबरा निवासी एक युवक छात्रा को काफी दिनों से परेशान कर रहा था।

कोचिंग और स्कूल आते-जाते समय तंज कसना, अश्लील हरकतें करना रोज का रवैया बना था। गुरुवार को बाजार से लौटते समय युवक उसके पीछे पड़ गया और रास्ते में सरेआम उसके साथ छेड़खानी कर दी। उसने विरोध जताया तो युवक ने छात्रा को धमकी दी कि वह उसका ऐसा हाल करेगा कि वह मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। इस घटनाक्रम से छात्रा परेशान थी

इस धमकी से बुरी तरह सहमी छात्रा ने घर में अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन युवक के घर गुरुवार की शाम शिकायत करने पहुंचे तो युवक ने छात्रा के परिजनों के साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया। इससे आहत छात्रा ने रात में घर पर जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर छात्रा ने परिजनों से जहर खाने की बात बताई। परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### रूस के वैज्ञानिक सीएसए के शोध में करेंगे सहायता

**कानपुर, अमृत विचार :** रूस के वैज्ञानिक चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर (सीएसए) में आकर शोध और शैक्षणिक कार्य को बेहतर करने पर सहयोग करेंगे। इसके लिए दोनो देशों के वैज्ञानिक और छात्र एक दूसरे के संस्थानों में जाकर शैक्षणिक गतिविधियां परखेंगे। दो चरणों में होने वाले इस शैक्षणिक सहयोग के लिए शुक्रवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। सीएसए कानपुर और रूस के हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा के बीच यह समझौता हुआ है। समझौता सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व बोटैनिकल गार्डन परिषद रूस के अध्यक्ष डॉ यूरी प्लूगतर के बीच साइन हुआ।

### 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। पूरे प्रकरण की पड़ताल एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजा आयसर ट्रक में भरकर यूपी लाया जा रहा है। कुछ समय बाद ट्रक प्रयागराज पहुंच जाएगा। इस सूचना पर उन्होंने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है।

### पोर्टल चालू, आठ हजार शिकायतों का भुगतान नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** तकनीकी खराबी में फंसा प्रधानमंत्री फसल बीमा का पोर्टल तो चालू हो गया है। लेकिन, बीमा कंपनियों ने रबी फसलों के नुकसान की आठ हजार शिकायतों का आकलन और भुगतान नहीं किया है। इस पर कृषि विभाग ने कंपनियों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है। प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं समेत रबी की अन्य फसलें बर्बाद हुईं थीं। उस समय बीमित फसलों की करीब आठ हजार शिकायत टोलफ्री नंबर पर किसानों ने दर्ज कराई थी। यह व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति थी जो एक माह में आकलन कर किसानों को भुगतान करनी थी। लेकिन, कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाईं। भुगतान की बारी आई तो पोर्टल तकनीकी खराबी से बंद हो गया। यह भी बहाना काफी दिन चला। इस सप्ताह पोर्टल चालू हुआ तो कंपनियों ने गंभीरता नहीं दिखाई है। उपनिदेशक कृषि निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि प्रक्रिया चल रही है। कंपनियों को भुगतान करने के लिए पत्र जारी किया है।

### 18 विभागों पर 48 लाख बिजली बिल बकाया

**लखनऊ, अमृत विचार :** विकास भवन में 18 विभागों के कार्यालय हैं। इन विभागों पर करीब 48 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। इसकी अदायगी के लिए विभागों के पास बजट नहीं है। कार्यालय स्तर से बिजली बिल जमा करने का भी कोई मद नहीं है। विभाग अपने मुख्यालय से धनराशि की मांग कर बिजली का बिल चुकाते हैं। विभागों को मांग के अनुसार धनराशि नहीं मिल पाती है, इससे बकाया बढ़ता जा रहा है। सबसे ज्यादा बकाया बाल विकास, पंचायती राज, मनरेगा व कृषि विभाग पर है। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित विभाग के पास बजट नहीं होता है। सभी विभागाध्यक्ष को बजट की मांग कर बिजली बिल का भुगतान के निर्देश दिए हैं। बाल विकास 13,97,579, पंचायती राज 9,43,674, कृषि 3,46,988, सहकारिता 2,57,746, अर्थ एवं संख्याधिकारी 1,98,647, लघु सिंचाई 1,80,789, पशु पालन 1,73,559, पिछड़ा वर्ग 1,56,437, समाज कल्याण (विकास) 1,41,518, स्वत: रोजगार 1,31,134, बैंक ऑफ इंडिया 70,331 और जिला युवा कल्याण पर 22,086 रुपये का बकाया है।

# निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- याची बरेली की एक निजी कंपनी में विधिक अधिकारी था

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधिक अधिकारी की नौकरी को जोड़ते हुए बनवाए गए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को न मानते हुए अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं है। पूर्णकालिक सेवा के दौरान वकालतनामा लगाना बार काउंसिल और कंपनी में नियुक्ति की शर्तों का उल्लंघन है।

दरअसल याची ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा, 2016 के लिए फॉर्म भरा था। प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 22 अप्रैल 2017 को उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। 18 अगस्त 2017 को परिणाम घोषित हुआ, जिसमें याची का नाम नहीं था। परिणाम अपलोड होने के बाद याची को पता चला कि सामान्य वर्ग के अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार ने केवल 455 अंक प्राप्त किए हैं जबकि याची ने 471 अंक प्राप्त किए थे। अंतिम चयनित सूची में शामिल न किए जाने पर उसने एक अभ्यावेदन दिया, जिसे संबंधित अधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याची का तर्क है कि वर्ष 1998 से वह बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में एक अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत है, तब से वह बरेली में नियमित रूप से वकालत कर रहा था। विधिक अधिकारी के रूप में 15 जनवरी 2009 को मैसर्स एलाइंस बिल्डर और कांट्रैक्टर्स लिमिटेड, बरेली में विधिक अधिकारी के रूप में कार्यरत था। कंपनी से इस्तीफा देने के बाद उसकी वकालत की अवधि 7 वर्ष से कम है जबकि न्यायिक सेवा के लिए 7 वर्ष की निरंतर प्रैक्टिस आवश्यक है। अंत में कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी।

# अमेठी के व्यापारी के अपहरण का आरोप, तहरीर

**चित्रकूट, अमृत विचार :** अमेठी निवासी एक महिला ने कर्वी कोतवाली में ऑनलाइन तहरीर भेजकर कौशांबी निवासी एक व्यक्ति पर अपने पति और मित्र के बच्चों के अपहरण का आरोप लगाया है। उधर, आरोपी का कहना है कि उससे इन लोगों ने क्रशर प्लांट के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है। आरोपी को कौशांबी थाने में बैठाया गया है। अपहरण की बात गलत है। श्रवणपुर (अमेठी) निवासी नीतू सिंह ने कोतवाली में तहरीर भेजकर बताया है कि उसके पति आशुतोष सिंह उर्फ टिंकू (35) अपने मित्र के पुत्रों शाश्वत पांडेय (20) और निशांत पांडेय (18) के साथ 25 अप्रैल को जिला खनन कार्यालय चित्रकूट में काम से गए थे। आरोप है कि दोपहर में जैसे ही वह कार्यालय से अमेठी जाने को निकले, कार्यालय परिसर के बाहर एक बालू कारोबारी ने कुछ अन्य लोगों के साथ उनके वाहन को रोककर अपहरण कर लिया।

# ट्रेन में अंडा-बिरयानी खाने से 40 बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** यशवंतपुर जंक्शन से गोरखपुर जा रही 22534 यशवंतपुर गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में आठ एसी कोचों में सवार यात्रियों की नागपुर जंक्शन पर अंडा बिरयानी व अंडा करी खाने से हालत बिगड़ गई। यात्रियों को पेट दर्द व उल्टी-दस्त शुरू हो गए। यात्रियों को फूड प्वाइजिनिंग की खबर पाकर ट्रेन को झांसी में रोका गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने 37 यात्रियों का चेकअप कर दवा दी।

ट्रेन जब कानपुर सेंट्रल पहुंची तो यहां लोको अस्पताल के अधीक्षक समेत डॉक्टरों की टीम ने 18 गंभीर बीमारों के साथ करीब 40 यात्रियों का चेकअप कर दवाएं दीं। करीब आधे घंटे बाद ट्रेन गोरखपुर के लिए रवाना हुई। फूड प्वाइजनिंग की घटना से अवैध तरीके से ट्रेनों में बिक रही खानपान सामग्री पर सवाल खड़े हो गए हैं। सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एसी कोच बी-वन, टू, थ्री, फाइव, सेवन व एट में सवार यात्रियों के अनुसार नागपुर के बलारशाह स्टेशन पर वेंडर को अंडा करी व अंडा बिरयानी आर्डर किया था। गुरुवार रात करीब 9.30 बजे ट्रेन में ही खाना खरीदकर खाया था। उसके कुछ समय बाद ही पेट दर्द, उल्टी-दस्त व बुखार की शिकायत होने लगी। इस पर यात्रियों ने टीटीई को मामले की जानकारी दी। एक साथ करीब 40 यात्रियों की हालत बिगड़ने पर ट्रेन को झांसी में रोका गया और रेलवे चिकित्सकों ने सभी का चेकअप कर यात्रियों को दवाएं दीं। इसके बाद कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे स्वास्थ्य, वाणिज्य और चेकिंग टीम को अलर्ट किया गया। ट्रेन शुक्रवार दोपहर 12.02 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म पांच पर आई तो स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने लोको अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवींद्र प्रसाद को बताया। डॉ. अतुल, डॉ. आशीष मिश्र, डॉ. केएल राय सिंघानिया, डॉ. अंकिता राजपूत ने स्टेशन पर सभी मरीजों को चेकअप कर दवाएं दीं। डक्टरों के अनुसार कोई मरीज गंभीर नहीं है।

- यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्री फूड प्वाइजनिंग के हुए शिकार

### पेंट्रीकार, साइड पैंटीकार पर उठे सवाल

यात्रियों को हुई फूड प्वाइजनिंग से रेलवे में बिक रही खानपान सामग्री पर सवाल उठा है। कई यात्रियों ने कहा पता ही नहीं चलता कि पेंट्रीकार, साइड पैंटीकार रेलवे से मान्य है या अवैध। लेकिन धड़ल्ले से खाना परोसा जा रहा है। एक सप्ताह पहले ही सेंट्रल स्टेशन पर अधिकारियों के निरीक्षण में कई अवैध वेंडर खाना बेंचते पकड़े गए थे।

# रेमंड यादव लंदन वाला बन युवती को ठगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार, कई नाइजीरन ठगी के काम में जुटे

**अमृत विचार :** इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स आदि पर रेमंड यादव लंदन के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आलमबाग की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर ठगने वाले एक नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी दिल्ली से की है। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में पता चला कि नाइजीरिया के तमाम युवक इस समय इसी तरह से ठगी के काम लगे हुए हैं।

मामले को देख रहे एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि मई 2023 से इस मामले को फालो किया जा रहा है। आलमबाग की एक युवती से फेसबुक पर रेमण्ड यादव लन्दन के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की गई और उसे प्रेमजाल में फसाकर करोड़ों रुपये का पाउण्ड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने की बात बताई गई। महिला द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल कर व वीडियो भेजकर खुद को दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बताया गया। बाद में वीडियो काल पर पीड़ित को एक पैकेट दिखाया गया, जिसमें ज्वेलरी व महंगे गिफ्ट आदि थे। गिफ्ट प्राप्त करने के लिए कस्टम चार्ज के रूप में 25,900 जमा करने को कहा गया।

युवती ने कथित महिला कस्टम अधिकारी द्वारा बताये गये खाते में गूगल-पे कर दिया। जिसके बाद फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि पैकेट में लगभग रूपये 10 लाख कीमत के पाउण्ड हैं, जिसके लिये फाइनेन्स डायरेक्टर का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा, इस सर्टिफिकेट के लिये 10 हजार रूपये जमा करने होंगे। 10 हजार जमा करने के बाद फर्जी अधिकारी द्वारा फाइनेन्स डायरेक्टर के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया एवं बताया गया कि पाउंड को इंडियन करेन्सी में बदलने के लिए 85,000 जमा कर सर्टिफिकेट लेना होगा। युवती द्वारा उक्त 85,000 रुपए जमा करने के पश्चात फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया।

कई दिनों बाद तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गई तो कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि आपके ऊपर तो मनी लॉण्डरिंग का केस बन रहा है। यह कहकर युवती से 10,000 रूपये और जमा करा लिये तथा बताया कि दो दिन में आपका पैकेट आ जायेगा। दो दिन तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा पता किया गया तो पता चला की उसके साथ फ्राड हो गया है।

# सड़कों के अवैध कट बंद करने व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश



बैठक को संबोधित करते प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू व अन्यद अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बीच ही शुक्रवार को परिवहन निगम मुख्यालय में समिति से जुडे.सभी स्टेक होल्डर के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेकटेश्वर लू ने की। इसमें परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) आदि अधिकारियों की मौजूदगी रही। प्रमुख सचिव ने कहा कि एनएचएआई मार्गों पर अवैध कट बंद कर चेतावनी बोर्ड लगाए। बंद किये गये अवैध कट अगर क्षतिग्रस्त किये गए हैं तो इस पर दंडनीय कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए जिम्मेदार पर एफआईआर कराई जाए।

## वर्ग पहेली-52

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

**ऊपर से नीचे**


1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।



### वर्ग पहेली -51 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झु | टुं | ग | ■ | 2 ख | रों | 3 ट |
| र | ■ | ■ | 4 अं | ■ | ■ | क |
| मु | ■ | ■ | ध | ■ | ■ | टो |
| ट | ■ | 5 दु | का | न | दा | र |
| ■ | 6 लॉं | ग | र | ■ | ■ | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ले | ला | ■ | 8 भा | र | शि | व |

## सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | 6 | | | 6 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

### सुडोकू -130 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**वृष** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

**सिंह** – आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

**तुला** – आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

**धनु** – आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कुंभ** – आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन** – आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुर्म – सुबह : 08.39
सिंबा – शाम : 06.11

SONY PIX
स्पाइडर-मैन 2 – सुबह : 09.55
रैमपेज – शाम : 05.00

&pictures
तारा रम पम – सुबह : 09.36
बेल बॉटम – रात : 09.08

ZEE CINEMA
ये साली आशिकी – सुबह : 08.40
ऊंचाई – रात : 09.30

colors CINEPLEX
रंगून – सुबह : 09.23
ओएमजी 2 – रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।

पहला – हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं

दूसरा – अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,730.16 | 22,419.95 |
| गिरावट | 609.28 | 150.40 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.67 |



### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900 **रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1775, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1420, सचिन 1565, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1565, क्लासिक (kg) 1685, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1700, स्वास्तिक 1790 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700 । चीनी- डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी) ।

# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर



सेंसेक्स में 641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने



- विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 814 (अनुमानित) |

# 2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

### आतिशबाजी से लगी आग में छह की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है। कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई। दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है।

### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

**विदिशा (मप्र)।** विदिशा जिले की अदालत ने उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुकवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए। उन्होंने बताया कि अगर हमें अब भी मुआवजा नहीं मिलता है, तो हम प्रतिवादियों की अचल संपत्ति को कुर्क करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने जा रहे हैं।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# मोदी घबरा गए हैं, उनकी आंखों से जल्द निकलेंगे आंसू : राहुल

**विजयपुरा, ,एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में मौजूदा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी ने मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों



लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भाजपा नौकरी खाने वाली पार्टी : ममता



**पिंगला।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरी खाने वाली पार्टी है और 26,000 शिक्षकों की आजीविका छीनने की साजिश के लिए राज्य के लोग उसके नेताओं को माफ नहीं करेंगे। ममता घाटल में पार्टी उम्मीदवार देव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा के साथ माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला तथा दोनों दलों को राज्य में भाजपा की आंख और कान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने आदमखोर बाघों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने नौकरी खाने वाली भाजपा के बारे में सुना है?

# महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। आप पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास नारेबाजी की और बाद में, सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे दलित विरोधी कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संविधान की हत्या करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी। एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया।





- कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

# संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

- तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

# अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

# बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस — दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स — शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

## पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन





कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुलमिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।




### कोलकाता 261/6 (20 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब 262/2 (18.4 ओवर, अतिरिक्त : 06)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण | 54 | 20 | 4/5 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 | 48 | 8/9 |
| रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण | 26 | 16 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 | 28 | 2/8 |

**गेंदबाजी :** चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

## मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल

**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।



### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

## दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और

**विश्व कप**



लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

## चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।


अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना



है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।



**तैयारी जीत की** — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

## दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।



### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

